आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये ज़माने के साथ

● वर्ष- 16 अंक 179- ● जबलपुर ● शनिवार, 30 जुलाई, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● श्रावण मास शुक्ल पक्ष-2 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

## इंदौर के जू में तीन रंग वाले बाघ शावक की मौत

**इंदौर ,एजेंसी।** वर्ल्ड टाइगर दिवस पर इंदौर के चिड़ियाघर से दुखद खबर सामने आई। दुनिया के पहले तीन रंग के दुर्लभ बाघ शावक की शुक्रवार को मौत हो गई। दो दिन पहले एक अन्य बाघ शावक की मौत हो गई थी। रविवार को सफेद बाघिन रागिनी ने तीन शावकों को जन्म दिया था, जिनमें से सिर्फ एक ही जीवित बचा है। इंदौर के चिड़ियाघर में अब कुल 13 बाघ रह गए हैं। सफेद बाघिन रागिनी ने रविवार को तीन शावकों को जन्म दिया था। इसमें दुर्लभ तीन रंगों वाला शावक भी शामिल था।



## एक ही परिवार के 4 सदस्यों ने क्लियर किया PSC बन गए IAS, IPS अधिकारी

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** यूपीएससी की परीक्षा मुश्किल परीक्षा में से एक हैं। इसे पास करने के लिए दिन रात एक करने पड़ते हैं। वहीं हम आपको एक ऐसे परिवार के बारे में बताने जा रहे हैं। जहां चार भाई-बहनों ने यूपीएससी की परीक्षा पास की है और आज IAS, IPS के पद पर कार्यरत हैं। इन चार भाई बहनों में दो भाई और दो बहनें हैं। ये उत्तर प्रदेश के लालगंज के रहने वाले हैं। उनके पिता, अनिल प्रकाश मिश्रा ने एक न्यूज वेबसाइट को इंटरव्यू देते हुए बताया, मैं एक ग्रामीण बैंक में मैनेजर था।मैंने अपने बच्चों की शिक्षा की गुणवत्ता से कभी समझौता नहीं किया। मैं चाहता था कि उन्हें अच्छी नौकरी मिले और मेरे बच्चे भी अपनी पढ़ाई पर ध्यान दें। चार भाई-बहनों में सबसे बड़े योगेश मिश्रा आईएएस अधिकारी हैं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा लालगंज में पूरी की और फिर मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में इंजीनियरिंग की। उन्होंने नोएडा में नौकरी की, लेकिन सिविल सेवा की तैयारी जारी रखी। साल 2013 में, उन्होंने यूपीएससी परीक्षा पास की और आईएएस अधिकारी बन गए। योगेश मिश्रा की बहन, क्षमा मिश्रा, जो सिविल सेवा की तैयारी कर रही थीं, अपने पहले तीन प्रयासों के दौरान इसे पास नहीं कर सकीं। हालांकि, उसने अपने चौथे प्रयास के दौरान परीक्षा पास की और अब एक IPS अधिकारी हैं। तीसरी बहन, माधुरी मिश्रा, लालगंज के एक कॉलेज से ग्रेजुएट होने के बाद, पोस्ट ग्रेजुएशन करने के लिए इलाहाबाद चली गईं। इसके बाद उन्होंने 2014 में यूपीएससी की परीक्षा सफलतापूर्वक पास की और झारखंड कैडर की आईएएस अधिकारी बन गईं। लोकेश मिश्रा, जो चारों में सबसे छोटे हैं, उन्हों साल 2015 में यूपीएससी की परीक्षा में 44वां स्थान हासिल किया था। अब वह IAS अधिकारी हैं। चारों भाई बहनों के पिता ने कहा, च्आज मेरे बच्चे IAS, IPS अधिकारी हैं। अब मैं भगवान से क्या मांग सकती हूं। मुझे सब मिल गया। बच्चों की तरक्की देखकर मैं प्राउड फील करता हूं।

### पिता ने कहा- प्राउड फील करता हूं

### रतलाम मेडिकल कॉलेज में रैगिंग; हॉस्टल वार्डन पर बोतलें फेंकी

# जूनियर्स को कतार में खड़ा कर जड़े तड़ातड़ थप्पड़



**रतलाम,एजेंसी।** इंदौर के बाद अब रतलाम के सरकारी मेडिकल कॉलेज से रैगिंग का मामला सामने आया है। हॉस्टल में जूनियर्स को कतार में खड़ा कर सीनियर्स ने रैगिंग ली। जूनियर्स को थप्पड़ मारे। इतना ही नहीं, मौके पर पहुंचे वार्डन डॉ. अनुराग जैन से भी सीनियर स्टूडेंट्स ने बदतमीजी की। उन पर शराब की बोतलें फेंकी। मेडिकल कॉलेज में रैगिंग का मामला दो-तीन दिन पुराना बताया जा रहा है। इसका VIDEO अब सामने आया है। कॉलेज की अनुशासन समिति इस मामले में जांच कर रही है। समिति ने दोषी सीनियर छात्रों पर कार्रवाई की बात कही है। मेडिकल कॉलेज मैनेजमेंट ने VIDEO पर खुद ही संज्ञान लेते हुए अनुशासन समिति को जांच के लिए कहा है। VIDEO में दिखाई दे रहा है कि 6 से ज्यादा जूनियर छात्रों को लाइन में खड़ा कराया गया है। जूनियर्स सिर झुकाए खड़े हैं। सीनियर उनसे बदमतीजी कर रहे हैं और थप्पड़ जड़ रहे हैं। बताया जा रहा है कि किसी छात्र ने ही ये VIDEO बनाया और इसकी शिकायत की। शिकायत दिल्ली भी की गई है। रैगिंग करने वाले सीनियर्स स्टूडेंट्स की पहचान हो गई है। अनुशासन समिति के सूत्रों की मानें तो जूनियर्स की रैगिंग लेने वाले सीनियर्स पर कार्रवाई तय है। तीन दिन पहले इंदौर के एमजीएम मेडिकल कॉलेज में रैगिंग का मामला सामने आया था। एंटी रैगिंग कमेटी को प्रारंभिक पड़ताल में रैगिंग के कई एविडेंस मिले हैं। कमेटी की अनुशंसा पर कॉलेज की ओर से संयोगितागंज पुलिस ने अज्ञात सीनियर स्टूडेंट्स के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। सीनियर स्टूडेंट्स, फर्स्ट ईयर के स्टूडेंटस की तीन माह से रैगिंग ले रहे थे। सीनियर स्टूडेंट्स अपने जूनियर्स को उनके साथियों के साथ अप्राकृतिक संबंध करने को बाध्य करते थे। साथ ही छात्राओं पर अश्लील कमेंट्स भी करवाते थे।

### प्राइवेट कर्मचारियों को सौगात



# सरकार ला रही New Wage Code हफ्ते में मिलेगी 3 दिन की छुट्टी

**नई दिल्ली,एजेंसी।** प्राइवेट सेक्टर में काम करने वालों को जल्द ही बड़ी खुशखबरी मिलने वाली है। केंद्र सरकार निजी कंपनियों में काम करने वाले कर्मचारियों के लिए जल्द ही नए वेज कोड का ऐलान कर सकती है। केंद्र सरकार नौकरीपेशा लोगों के लिए काम के घंटे और अवकाश को लेकर बड़ा बदलाव करने की तैयारी में है। हालांकि केंद्र सरकार ने कहा है कि फिलहाल इसे लागू करने के लिए कोई समय तय नहीं की गई है। केंद्र सरकार का मानना है कि सभी राज्य मिलकर नई श्रम संहिता को लागू करने पर विचार करें, लेकिन कई राज्य सरकारों की ओर से ड्राफ्ट को अंतिम रूप नहीं दिया है। सूत्रों के मुताबिक अलग New Wage Code,लागू हो जाता है तो निजी क्षेत्र में काम करने वाले लोगों को कई लाभ मिलेंगे। राज्य मंत्री रामेश्वर तेली ने हाल ही में संसद में बताया था कि देश के ज्यादातर राज्यों ने 4 श्रम संहिताओं पर अपने मसौदा नियम भेज दिए हैं। बाकी राज्य इसे तैयार करने की प्रक्रिया पर काम कर रहे हैं। New Wage Code,में वेतन, सामाजिक सुरक्षा, औद्योगिक संबंध और व्यावसायिक सुरक्षा से संबंधित कई प्रावधान किए गए हैं। यदि सभी 4 बदलाव के साथ New Wage Code, लागू कर दिया जाता है तो नए वेतन संहिता के तहत निजी नौकरी करने वाले लोगों के वेतन में भी ढांचागत बदलाव देखने को मिलेगा। हालांकि New Wage Code, लागू होने के बाद हाथ में वेतन पहले की तुलना में कम प्राप्त होगा, लेकिन दूरगामी परिणाम सकारात्मक मिलेंगे।

सैलरी को लेकर ये हो सकता है प्रावधान

सरकार ने नए नियम में प्रावधान किया है कि निजी कंपनी में काम करने वाले किसी कर्मचारी का मूल वेतन उसके कुल वेतन (CTC) का 50 प्रतिशत या उससे अधिक होना चाहिए। अगर आपकी बेसिक सैलरी ज्यादा है तो FIF फंड में कर्मचारी का योगदान पहले से ज्यादा होगा। सरकार के इस प्रावधान से कर्मचारियों को रिटायरमेंट के समय काफी ज्यादा लाभ होगा। रिटायरमेंट के समय कर्मचारी को बड़ी रकम मिलने के साथ ही ग्रेच्युटी का पैसा भी ज्यादा मिलेगा। निजी कंपनी में काम करने वाले कर्मचारी का भविष्य भी आर्थिक रूप से मजबूत होगा।

### दुष्कर्मी को चार दिन में सजा-ए-मौत

# जज के फटाफट फैसले पर सुप्रीम कोर्ट को भी आपत्ति

**नई दिल्ली,एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने बिहार के एक जज द्वारा चार दिन में ही पॉक्सो मामले में दोषी को फांसी की सजा सुनाए जाने पर आपत्ति जताई है। साथ ही उक्त जज ने एक ही दिन में पूरे हुए एक अन्य पॉक्सो के मामले में दोषी को उम्रकैद की भी सजा सुनाई है। शीर्ष अदालत ने कहा कि जज के रुख को 'सराहनीय' नहीं कहा जा सकता है। जस्टिस यूयू ललित और जस्टिस एस रवींद्र भट की पीठ बिहार के एक निलंबित अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश द्वारा दायर रिट याचिका पर विचार कर रही है। इसमें आरोप लगाया गया है कि हाईकोर्ट द्वारा पॉक्सो मामलों को कुछ दिनों के भीतर तय करने पर उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू की गई है। जज ने पॉक्सो मामले में एक दिन के भीतर एक मुकदमे में दोषी को उम्रकैद की सजा सुनाई और बच्ची से दुष्कर्म के एक अन्य मामले में जज ने चार दिन के अंदर ट्रायल पूरा करने के बाद एक शख्स को फांसी की सजा सुनाई थी। पीठ ने जज द्वारा रिट याचिका पर नोटिस जारी किया है और पटना हाईकोर्ट से मामले से जुड़े दस्तावेज मंगवाए हैं।

#### इसका मतलब फैसले को रद्द करना नहीं

पीठ ने कहा कि सिर्फ इसलिए कि चार दिनों में कुछ किया जाता है तो इसका मतलब यह नहीं है कि निर्णय को रद्द करना होगा लेकिन हम यह नहीं कह सकते कि ऐसा दृष्टिकोण सराहनीय है। जस्टिस ललित ने कहा कि हम मौत की सजा तय करने वाले कारकों का आकलन करने के तरीकों को विकसित करने की कोशिश कर रहे हैं। हमें जेल रिकॉर्ड देखना होगा। यहां इस जज ने चार दिनों में मौत की सजा सुनाई हैं।

#### एक गलत निर्णय पर अनुशासनात्मक कार्यवाही नहीं कर सकते

याचिकाकर्ता के वकील विकास सिंह ने कहा कि ऐसे उदाहरण हैं जो बताते हैं कि एक गलत निर्णय पारित करने पर न्यायाधीश के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू नहीं की जा सकती है। इस पर जस्टिस ललित ने कहा कि पीठ ने कुछ दिन पहले हत्या के एक मामले में गैरकानूनी सजा सुनाने पर एक न्यायाधीश की सेवा समाप्त करने के निर्णय पर हस्तक्षेप करने से इन्कार कर दिया था। पीठ ने यह भी कहा कि न्यायाधीश का दृष्टिकोण निर्धारित कानून के अनुरूप नहीं था। सजा सुनाए जाने के मुद्दे पर क्या हम एक दिन में निर्णय करते हैं? सुप्रीम कोर्ट के कई फैसले हैं जो कहते हैं कि सजा सुनाने के मुद्दे पर फैसले एक ही दिन में नहीं किए जाने चाहिए।



# अमृत महोत्सव टीकाकरण - बूस्टर डोज महाभियान में पहुंच रहे जागरूक लोग

## आषाढ़ी कार्तिकी वारी महामंडल संस्कृति बी सी जबलपुर ,बड़ेरिया मेट्रो प्राइम हॉस्पिटल का आयोजन






जबलपुर,यशभारत। आषाढ़ी कार्तिकी वारी महामंडल एवं संस्कृती बी सी जबलपुर द्वारा बड़ेरिया मेट्रो प्राइम हॉस्पिटल के सहयोग से आजादी के अमृत महोत्सव पर कोरोना टीकाकरण तथा बूस्टर डोज महाभियान का आयोजन कचनार क्लब कचनार सिटी विजय नगर जबलपुर में किया गया। महाभियान की शुरुआत इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी के उपाध्यक्ष सौरभ बड़ेरिया, पूर्व महापौर सदानंद गोडबोले, डॉ स्वाति सदानंद गोडबोल द्वारा द्वीप प्रज्वलन कर किया गया। इस मौके पर बड़ेरिया मेट्रो प्राइम हॉस्पिटल के डायरेक्टर सीएसआर डॉ. सुनील मिश्रा भी मौजूद रहे। इस शिविर में कोविशील्ड तथा कोवैक्सिन दोनों लगाई जा रही हैं। कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए इस महाअभियान में आसपास के क्षेत्रों के जागरूक लोग बड़ी संख्या में पहुंच कर बूस्टरडोज लगवा रहे हैं। उनका कहना है कि जिस तरह से कोरोना का सक्रमण बढ़ रहा है उसे देखते हुए सभी को जागरुक होना होगा।

# सुबह से खिली धूप, बादलों का चल रहा लुकाछिपी का खेल

## उमस भरी गर्मी करती रही परेशान



**जबलपुर, यशभारत ।** शनिवार को सुबह से ही सूर्यदेव ने तपाना शुरू कर दिया है। हालांकि बीच-बीच में हल्के बादल आते-जाते रहे।शुक्रवार को जहां सुबह करीब पांच मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई थी। मौसम का नजारा देख ऐसा लगा कि वर्षा का दौर काफी देर तक जारी रहेगा, लेकिन दोपहर 12 बजते ही वर्षा थम गई और पल भर में मौसम का मिजाज बदल गया था। चटख धूप का असर ऐसा रहा कि कुछ ही देर में वातावरण में उमस छा गई थी। शुक्रवार को शाम को भी मौसम साफ रहा। रात हुई तो एक बार फिर मौसम ने करवट बदली और रिमझिम वर्षा हुई। शुक्रवार की सुबह और शाम को हुई वर्षा के कारण शनिवार को अधिकतम तापमान 32.6 डिग्री से करीब दो डिग्री बढ़ने के साथ 34 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान भी एक डिग्री कम होकर 23 डिग्री पर आ गया। मौसम विभाग की माने तो शनिवार को तापमान में आंशिक रूप से बढ़ोतरी हो सकती है।वहीं मौसम विभाग माने तो आगे भी बूंदाबांदी हो सकती है। तापमान 30से 32 डिग्री के आस-पास ही रहेगा।

# ज्ञान गंगा स्कूल के विद्यार्थी संघ ने ली शपथ

**जबलपुर,यशभारत। ज्ञान गंगा अंतरराष्ट्रीय विद्यालय में विद्यार्थी संघ शपथ ग्रहण समारोह डी.सी. जैन चेयरमैन ज्ञान गंगा समूह, डॉ. रजनीत जैन डायरेक्टर ज्ञान गंगा इंटरनेशनल स्कूल, डॉ. नितिन जैन एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, डॉ. भारतेश भारेल सेक्रेटरी, श्रीमती सपना जैन, श्रीमती नीतिका जैन, श्रीमती नंदिनी भारिल एवं ज्ञान गंगा परिवार के अन्य सदस्यों के आतिथ्य में संपन्न हुआ ।**




कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि डी.सी. जैन एवं अन्य आमंत्रित अतिथि गण को पुष्पगुच्छ प्रदान कर उनका स्वागत करके की गई द्य तत्पश्चात विद्यालय के प्राचार्य डॉ राजेश कुमार चंदेल जी द्वारा छात्र छात्राओं को संबोधित किया गया एवं अतिथि का परिचय देते हुए विद्यार्थियों से अपने दायित्वों का ईमानदारी से पालन करने का आह्वान किया गया । अगले चरण में आमंत्रित अतिथियों द्वारा चयनित हेड गर्ल चाहत गंगवानी, हेड बॉय दिव्यांशु कलरैया एवं स्कूल में संचालित होने वाली विभिन्न गतिविधियों के सेक्रेटरी तथा अहिंसा, कर्मा, सत्या एवं शांति सदन के वरिष्ठ विद्यार्थियों को प्रतीक चिन्ह प्रदान करते हुए शपथ दिलाई गई । अगले चरण में उच्च कक्षाओं के विद्यार्थियों द्वारा अंतर सदन प्रतियोगिता के दौरान नृत्य प्रस्तुतियां दी गई। जिनका निर्णय आमंत्रित श्रीमती नीतिका जैन, सपना जैन तथा नंदिनी भारिल के सानिध्य में हुआ जिसमें अहिंसा सदन ने प्रथम, शांति सदन ने द्वितीय तथा कर्मा सदन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## गहोई वैश्य वरिष्ठ संघ जबलपुर का छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम स्थगित

जबलपुर,यशभारत। गहोई वैश्य वरिष्ठ संघ जबलपुर का 31 जुलाई 2022, रविवार को होने वाला छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। संघ के अध्यक्ष राम नारायण पहारिया ने सभी दानदाताओं, सदस्यों एवं लाभार्थियों से कहा कि हम क्षमाप्रार्थी हैं। शीघ्र ही आगामी तिथि एवं समय की सूचना दी जाएगी।.

# ईपीएफओ ने सेवानिवृत्ति के दिन सौंपे 21 पेंशन भुगतान आदेश

**जबलपुर,यशभारत।** कर्मचारी पेंशन योजना 1995 के सदस्यों को संगठन की ''प्रयास'' योजना के तहत सेवानिवृत्ति के दिन ही पेंशन जारी किये जाने के लिए क्षेत्रीय कार्यालय, जबलपुर निरंतर प्रयासरत है और इसी श्रृंखला में विभिन्न संस्थानों से सेवाविवृत्त हुये 21 पेंशन सदस्यो को पेंशन भुगतान आदेश कार्यालय द्वारा जारी किये गये। राकेश सहरावत, क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त-1 के निर्देश पर प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा विशेष प्रयास किये जाकर विभिन्न संस्थानों से सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के संबंध में दावा प्रपत्रों एवं अन्य आवष्यक दस्तावेज प्राप्त कर कार्यालय में जमा कराये गये जिस पर लेखा एवं पेंशन शाखा में पदस्थ अधिकारियों द्वारा तत्काल कार्यवाही कतरे हुये 29 जुलाई 2022 को 21 पेंषन भुगतान आदेश जारी किये गये। श्री सहरावत के आदेश पर प्रवर्तन अधिकारी समर पंकज गुप्ता द्वारा संस्थान मेसर्स सतना सिमेंट वर्क्स, सतना से सेवानिवृत्त बोदी बनडा चिनप्पा, मोहन लाल रवि, प्रमोद कुमार घेरकर और राज कुमार मिश्रा तथा संस्थान मेसर्स प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड, सतना से सेवानिवृत्त हुए तेज भान विश्वकर्मा और



महीपाल सिंह को जिला कार्यालय, सतना में सम्मान पूर्वक पेंशन भुगतान आदेश प्रदान किये गये। संस्थान मेसर्स ए0सी0सी0 लिमिटेड, कैमोर से सेवानिवृत्त हुये राम किशोर कारी एवं नारायण प्रसाद बारी को संस्थान के महाप्रबंधक द्वारा पेंशन भुगतान आदेश प्रदान किये गये। इसी प्रकार संस्थान मेसर्स ओरियंट पेपर मिल, अमलई से सेवानिवृत्त हुए पंचम कौशिक और खेलन लाल नट को संस्थान के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा पेंशन भुगतान आदेश प्रदान किये गये। क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त-1 ने बताया कि कार्यालय का यह ''प्रयास'' निरंतर जारी रहेगा और भविष्य में निजी संस्थानों से सेवानिवृत्त होनेवाले कर्मचारी पेंषन योजना 1995 के अधिक से अधिक सदस्यों को सेवानिवृत्ति के दिन ही पेंशन भुगतान आदेष जारी किये जाने के प्रयास किये जायेंगे। भविष्य निधि कार्यालय से सेवानिवृत्त हुई अनुभाग पर्यवेक्षक, श्रीमती सुहासनी नासेरी क्षेत्रीय कार्यालय, जबलपुर से सेवानिवृत्त हुयी श्रीमती सुहासनी नासेरी, अनुभाग पर्यवेक्षक को क्षेत्रीय आयुक्त-1, राकेश सहरावत द्वारा कार्यालय में आयोजित सेवानिवृत्ति कार्याक्रम के दौरान पेंशन भुगतान एवं अन्य देय लाभों के आदेश प्रदान किये गये एवं उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। श्रीमती सुहासनी नासेरी ने 35 वर्षों तक संगठन में अपनी सेवाएं प्रदान की। उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए क्षेत्रीय आयुक्त-। ने श्रीमती सुहासनी नासेरी की भरपूर प्रषंसा की। कार्यालय की परंपरा के अनुसार सेवानिवृत्ति पर श्रीमती सुहासनी नासेरी ने कार्यालय में एक पौधारोपण किया।

# तृतीय क्रमोन्नति पर 5400 का ग्रेड पे दिया जाए-मांग

जबलपुर। मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संघ तृतीय क्रमोन्नति पर 5400 रुपए का ग्रेड पे दिया जाने की मांग की है। संघ के जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि शिक्षा विभाग में सीधे उच्च श्रेंणी शिक्षक से भर्ती हुए शिक्षकों को तीसरी क्रमोन्नति मिलने पर सीधे 6600 ग्रेड पे दिया जाता है वहीं उनसे सिर्फ एक रेंक नीचे के सहायक शिक्षकोंया फिर सहायक शिक्षक से पदोन्नत हुए उच्चश्रेंणी शिक्षकों को तीसरी क्रमोन्नति मिलने पर 4200 ग्रेड पे दिया जाता है ऐसा दोहरा व्यवहार एक ही विभाग मे कार्यरत सहायक शिक्षकों एवं शिक्षकों के साथ क्यों किया जा रहा है यह समझ से परे है। जबकि सहायक शिक्षकों एवं सहायक शिक्षकों से पदोन्नत हुए उच्चश्रेंणी शिक्षकों को 5400रू का ग्रेड पे दिया जाना चाहिए।संघ ने आगे बताया कि एक ही विभाग में विभागीय अधिकारियों एवं शासन की दोहरी नीति के चलते शिक्षकों के ग्रेड पे पर भारी अंतर के साथ ही अनिमित्ताएं देखने को मिल रही है एवं इससे सहायक शिक्षकों एवं सहायक शिक्षकों से पदोन्नत हुए उच्चश्रेंणी शिक्षकों को लगभग 5 से 6 हजार रूप्ये महिने का आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। जिससे शिक्षकों में भारी असंतोष देखने को मिल रहा है।संघ के दिलीप सिंह ठाकुर, स्टेनली नॉबर्ट, हेमन्त ठाकरे, राकेश श्रीवास, दिनेश गौंड़, एनोस विक्टर, विनय रामजे, रॉबर्ट फ्रांसिस, धनराज पिल्ले, आदि ने मुख्य मंत्री , शिक्षा मंत्री एवं आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय से मांग की है कि तीस साल की सेवा पूंर्ण करने पर शिक्षकों को तीसरी क्रमोन्नति के लिए 5400रू का ग्रेड पे दिया जाए।

# महामहिम से सौजन्य भेंट



**जबलपुर,यशभारत।** मेडिकल यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में पधारे म.प्र. के महामहिम राज्यपाल मंगू भाई पटेल से महाराजा अग्रसेन वार्ड के नवनिर्वाचित पार्षद कमलेश अग्रवाल ने भेंट की । इस अवसर पर म.प्र. के कैबिनट मंत्री विश्वास सारंग का भी स्नेह प्राप्त हुआ इस दौरान नगर अध्यक्ष जी एस ठाकुर,जय सचदेवा,अमित अग्रवाल,अनुज जैन,भरत कुंभारे,अनिल दुबे,जयंत पटेल आदि उपस्थित थे।

## कुलपति के निजसचिव चावला सेवानिवृत्त



जबलपुर यशभारत। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय में कार्यरत श्री गोपाल कृष्ण चावला निज सचिव, कुलपति जनेकृविवि विश्वविद्यालय के 43 वर्ष से अधिक समय की अपनी शासकीय सेवायें प्रदान कर आज सेवानिवृत्त हुये। इस दौरान एक गरिमामय कार्यक्रम आयोजित कर प्रक्षेत्र संचालक डॉ. दीप पहलवान, सहायक लेखानियंत्रक डॉ. अजय खरे तकनीकी प्रशासनिक अधिकारी डॉ. अनय रावत सहित अन्य ने तिलक लगाकर, शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका स्वागत सम्मान किया। कार्यक्रम में संचालक प्रक्षेत्र डॉ. दीप पहलवान ने कहा कि गोपाल कृष्ण चावला कि 43 वर्षो की शासकीय सेवा, कर्त्तव्यनिष्ठा व कुशलता के साथ ईमानदारी से सेवायें प्रदान करने में समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों में बेहतर छवि बनाई है। कार्यक्रम का संचालन और आभार प्रदर्शन डॉ. अनय रावत, तकनीकी प्रशासनिक अधिकारी ने किया।

## ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारीडी के श्रीवास्तव को भावभीनी विदाई



**जबलपुर,यशभारत।** कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित समारोह में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी डी के श्रीवास्तव को भावभीनी विदाई दी गई। सेवानिवृत्ति पर उप संचालक कृषि एस के निगम, अनुविभागीय अधिकारी कृषि डा इंदिरा त्रिपाठी, सनोडिया सर, हनफी सर व वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी पंकज श्रीवास्तव ने शाल श्रीफल से सम्मान किया। इस अवसर पर संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष रजनीश दुबे, संभागीय अध्यक्ष डी एस बिरछलिया व साथी गण बी ऐस ठाकुर,एस के अग्रवाल,ऐन के गुप्ता,बी ऐस पटैल, कपिल अग्रवाल, अरविंद झारिया,ने स्मृति चिन्ह भेंट किया। संचालन आर के परोहा ने किया।

# ज्ञानोदय के बच्चों ने किया मेडिकल कॉलेज का शैक्षणिक भ्रमण


## बायोकेमिस्ट्री विभाग में मशीनरी देख उत्साहित हुए



**जबलपुर,यशभारत।** ज्ञानोदय चिल्ड्रन एकेडमी इंग्लिश मीडियम राजुल सिटी गंगा नगर जबलपुर (म. प्र.) द्वारा वर्तमान समय में, छात्र -छात्राओं को प्रेक्टिकल नॉलेज देने के लिए नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मेडिकल कॉलेज म.प्र. में शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। मेडिकल मेडिकल कॉलेज की डॉक्टर नीलम अनुपमा टोपो ने बच्चों को मेडिकल कॉलेज की स्थापना एवं विभिन्न विभागों की कार्यशैली की जानकारियां प्रदान की, उसके पश्चात विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टर्स ने एनाटॉमी फिजियोलॉजी एवं बायोकेमिस्ट्री की विस्तृत जानकारियां प्रदान की एवं प्रैक्टिकल नॉलेज के लिए लैब तथा म्यूजियम का भ्रमण करवाया गया, म्यूजियम में बच्चों ने शरीर के विभिन्न अंगों के स्पेसिमेन देखें और स्लाइड्स देखकर शरीर की आंतरिक रचना का अध्ययन किया ।बायोकेमिस्ट्री विभाग में मशीनरी देख बच्चों में उत्साह देखा गया। कम्युनिटी मेडिसिन विभाग में बच्चों ने मलेरिया बीमारी की जानकारियां प्राप्त की। अंत में मेडिकल कॉलेज के डीन प्रो. डॉ. गीता गुइन ने बच्चों को संबोधित किया। मेडिकल कॉलेज में स्थित रैन बसेरा में बच्चों के द्वारा विभिन्न खाद्य सामग्री वितरित की जिससे उन्हें बहुत आनंद आया ।संपूर्ण शैक्षणिक भ्रमण शाला के संचालक मुकेश साहू एवं श्रीमती ज्योति साहू के मार्गदर्शन में किया गया । इस शैक्षणिक भ्रमण कोर्डिनेटर श्रीमती रश्मि पाठक, शिक्षिका अपर्णा गुहा , श्रीमती पूजा वर्मा एवं अनिल पटेल का विशेष योगदान रहा।

## वर्षों से लंबित अनुकम्पा नियुक्ति के प्रकरण कब होंगें हल ?

म.प्र. तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने राज्य शासन द्वारा मृत लोक सेवकों के आश्रित परिवार के सदस्यों को यथा शीध्र अनुकम्पा नियुक्ति दिये जाने का प्रावधान है। किन्तु कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी जबलपुर में आज भी सैंकडों शिक्षकों, अध्यापक संवर्ग, एवं लिपिक सवंर्ग एवं भृत्य सवंर्ग के मृत लोक सेवकों के आश्रित परिवार के सदस्यों अनुकम्पा नियुक्ति प्रकरण वर्षो से अनावश्यक ही लंबित रखे गये हैं। प्राथमिक शाला शिक्षक विज्ञान के सैंकड़ों पद रिक्त होने तथा अनुकम्पा नियुक्ति के आवेदन पूर्ण होने के बाद भी अनुकम्पा नियुक्ति के आदेश जारी नहीं किये जा रहें है। प्रकरण पूर्ण होने के बाद भी प्रकरण लंबित रखा जाना कार्यालय में फैले भ्रष्टाचार को उजागर करता है। मृत लोक सेवकों का आश्रित परिवार कार्यालय की लचर व्यवस्था के चलते आर्थिक तंगी से गुजरने मजबूर हैं। सर्वाधिक विपत्ति उन आश्रित परिवारों को है जिन्हें पेंशन एवं ग्रेज्युटी के पात्रता नहीं है, वह आश्रित परिवार अनुकम्पा नियुक्ति पर ही निर्भर हैं।संघ के योगेन्द्र दुबे, अर्वेन्द्र राजपूत, अवधेश तिवारी, अटल उपाध्याय, मुकेश सिंह मन्सूर बेग, आलोक अग्निहोत्री, ब्रजेश मिश्रा, वीरेन्द्र चन्देल, आदि ने कलेक्टर जबलपुर से मांग की है कि शिक्षा विभाग में लंबित अनुकम्पा नियुक्ति प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करते हुए आश्रित परिवारों को राहत दी जाये।





















# कैंसर पीड़ित मां भटक रही दर-दर

## बेटा भोपाल में ठाट से कर रहा नौकरी

## गरीब नवाज कमेटी ने अस्पताल में कराया भर्ती




**जबलपुर, यशभारत।** जिस बेटे को बुढ़ापे के सहारे की लाठी मानकर पाला, उसकी सारी कठनाईयों को दूर कर उसका उज्ज्वल भविष्य बनाया एक दिन वही अपनी जिम्मेदारियों से पीछे हटने लगे तो क्या कहेंगे? कुछ ऐसा ही हुआ है रेलवे स्टेशन में मूंगफली-चना बेचने वाली कैंसर पीड़ित संतोषी बाई के साथ। 40 साल की संतोषी बाई कैंसर से पीड़ित है और शहर में दर-दर भटक रही थी। ज्यादा बारिश होने पर एक दिन संतोषी गरीब नवाज कमेटी के गोसलपुर स्थित रैन बसेरा में पहुंची ,जहां देर सुबह तक वह नहीं उठी, रैन बसेरा में मौजूद अन्य बेसहारा लोगों ने देखा कि संतोषी की सांसें चल रही थी लेकिन मुंह बंद था, दर्द से कराह रही थी। वह बोलना चाह रही थी लेकिन मुंह में कैंसर होने के कारण वह अपना मुंह नहीं खोल पा रही थी। इसकी जानकारी गरीब नवाज कमेटी के इनायत अली को दी गई। इनायत अपने साथी रियाज अली, दीपक निगम, बाबू खान, आबिद बाबा के साथ रैन बसेरा पहुंचे और इलाज के लिए पीड़ित महिला को मेडिकल अस्पताल ले गए। लेकिन मेडिकल के डॉक्टरों ने संतोषी को भर्ती करने से इंकार कर दिया। प्राथमिक उपचार के बाद संतोषी को गरीब नवाज कमेटी सदस्य अपने साथ ले आए और भेड़ाघाट स्थित विराट अस्पताल में उसे भर्ती कराया। गरीब नवाज कमेटी के इनायत अली ने बताया कि कैंसर पीड़ित महिला के बारे में जानकारी लगी है कि उसका एक बेटा है वह भोपाल में रहता है लेकिन बेटे से संपर्क नहीं हो पा रहा है क्योंकि पीड़िता के मुंह में कैंसर इसलिए वह कुछ बता पाने में अस्मर्थ है।



# रांझी में घर से डेढ़ लाख की चोरी

## पोस्ट ऑफिस और सहारा की वसूली के रुपये लेकर शातिर चोर फरार , पुलिस खंगाल रही सीसीटीव्ही फुटेज

**जबलपुर, यशभारत। रांझी के शारदा चौक में देर रात प्रयागराज गए परिवार का चोरों ने घर साफ कर दिया। मेन गेट का ताला तोड़कर शातिर आरोपियों ने अलमारी का ताला जोड़ कर घर में घर में रखे करीब डेढ़ लाख नगदी पार कर दी। पीड़ित पोस्ट ऑफिस और सहारा की वसूली के रुपये घर में रखे था।**

पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि मंगलेश मिश्रा पिता स्वर्गीय आरएन मिश्रा ने बताया कि वह शारदा नगर का निवासी है। किसी काम से प्रयागराज गया हुआ था। जब घर लौटा तो देखा कि मेन गेट का ताला टूटा हुआ पड़ा था। अंदर जाकर देखा तो अलमारी में पोस्ट ऑफिस और सहारा की पॉलसियों की वसूली का पैसा गायब था। अज्ञात शातिर चोर रुपये लेकर फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए आसपास लगे सीसीटीव्ही फुटेज खंगालने में जुटी है।

# व्यापारी के घर से शक्कर का बोरा चुराते धराया

**जबलपुर, यशभारत।** बेलखेड़ा के ग्राम हिनौतिया में व्यापारी के घर से शक्कर का बोरा चुराने वाले को पुलिस ने दबोच लिया है। आरोपी देर रात घर में घुसा और बोरा चुराने लगा। जिसके बाद परिजनों ने उसे पहचान लिया था। पकड़े गए आरोप से पूछताछ जारी है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि सतीष साहू 27 वर्ष निवासी ग्राम हिनौतिया ने पुलिस को बताया कि किराना दुकान चलाता है । जबलपुर दुकान का सामान लेने गया था रात में लौटकर सो गया। देर रात मम्मी बर्तन खनकने की आवाज सुनकर उठीं जो देखी कोई चोर शक्कर की बोरी चोरी कर बरामदा से ले जा रहा था, मम्मी ने आवाज लगाईं तो वह एवं उसके बड़े पापा सभी उठ गये एवं देखा कि गांव का कल्लू बर्मन शक्कर की बोरी चोरी कर ले जा रहा था । पुलिस ने आरोपी को तलाश करते हुये आरोपी कल्लू उर्फ कमलेश उर्फ धनराज बर्मन 32 वर्ष निवासी हिनौतिया को अभिरक्षा में लेते हुये चुराई हुई शक्कर की बोरी जब्त कर आरोपी की प्रकरण में विधिवत गिरफ्तारी की जा रही है।

# शराब के नशे ने निगल ली जिदंगी

## 71 साल का वृद्ध नशे में रहता था चूर, लीवर हो चुका था फेल, मौत

**जबलपुर, यशभारत।** भेड़ाघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत एक वृद्ध की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक शराब के नशे का आदी था और परिजनों के समझाने के बाद भी नशे में ही डूबा रहता था। पुलिस ने मर्ग कायम कर, जांच में लिया है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि रामसिंग पिता मोहनलाल चौधरी 71 साल राजा बडखेड़ा थाना भेड़ाघाट का निवासी था। जिसे नशे की हालत में जिला अस्पताल में भर्ती किया गया था। जहां इलाज के दौरान लीवर फेल होने से मौत हो गयी। पुलिस पड़ताल में जुटी है।

# हैवान बन गया पति

## पत्नी को कई-कई दिनों तक नहीं देता था खाना, कीटनाशक पीकर की आत्महत्या

### पुलिस ने आरोपी के खिलाफ किया मामला दर्ज

**जबलपुर, यशभारत।** मझगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत पति की प्रताड़ना से तंग आकर महिला ने कीटनाशक का सेवन कर मौत को गले लगा लिया। बताया जाता है कि आरोपी कई-कई दिनों तक महिला को खाना तक नहीं देता था और जमकर मारपीट करता था। पुलिस ने संपूर्ण जांच के बाद आरोपी पति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जिसको गिरफ्तार करने जगह-जगह दबिश दे रही है। जानकारी अनुसार मेडिकल पुलिस चौकी में पुलिस को पता चला कि श्रीमती आशा यादव 30 वर्ष निवासी ग्राम घुघरी थाना मझगवां ने कीटनाशक दवा पी ली थी। जिसे संतोष यादव द्वारा मेडिकल लाया गया है। जिसकी मौत हो गयी। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लेकर डायरी थाना मझगवां भेजी गयी।पुलिस जांच में मृतिका श्रीमती आशा बाई के मायके पक्ष के कथन लिये गये जिन्होंने बताया कि आशा बाई यादव को पति संतोष यादव निवासी ग्राम घुघरी मारपीट कर परेशान कर प्रताड़ित करते था इसी कारण आशा बाई ने 10 मई 22 को कीटनाशक दवाईयों का सेवन कर लिया था। जिसके 6 दिन बाद ही उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने आरोपी पति पर मामला दर्ज कर, गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है।



# बेहोशी की हालत में मिले वृद्ध की मौत

**परिजनों को खोज रही पुलिस**

**जबलपुर यश भारत।** मदन महल पुलिस को गश्त के दौरान पुराने बस स्टैंड में एक 65 वर्षीय वृद्ध बेहोशी हालत मिला जिसके मुंह से झाग निकल रहा था। पुलिस ने उसे विक्टोरिया अस्पताल भेजा जहां पर उसकी कुछ देर के बाद मौत हो गई । मदनमहल पुलिस ने मर्ग कायम कर घटना की पड़ताल शुरू कर दी है। फिलहाल शिनाख्त होने के बाद पुलिस परिजनों को तलाश करने में जुटी है। पुलिस ने बताया कि बीती रात पुलिस टीम गस्त पर पुराने बस स्टैंड पर पहुंची तो वहां पर चौधरी ट्रैवल्स के पास एक वृद्ध बेहोशी हालत में पड़ा था । पुलिस ने मानवता का परिचय देते हुए उसे तत्काल 108 एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए विक्टोरिया अस्पताल भेजा जहां पर कुछ देर के बाद उसने दम तोड़ दिया बाद में पुलिस ने उसकी तलाशी ली तो उसके जेब से एक पासबुक मिली जिससे मृतक की मदन महल थाना क्षेत्र के अंतर्गत सर्वोदय नगर निवासी 65 वर्षीय मधुकर नामदेव के रूप में पहचान है पुलिस ने प्रारंभिक कार्रवाई के उपरांत शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रवाना करते हुए उसके परिजनों की पतासाजी करने में लगी हुई है।

# बाइक सवारों ने युवक को घोंपे चाकू

**जबलपुर, यशभारत।** गोरखपुर के रामपुर में तीन बाइक सवारों ने एक युवक को दबोचकर जमकर मारपीट करते हुए ताबड़तोड़ चाकुओं से वार कर, बुरी तरह घायल कर दिया और मौके से फरार हो गए। पूरा मामला आपसी रंजिश का बताया जा रहा है। पीड़ित को आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती किया गया है। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर, जांच में लिया है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि सर्वेंट क्वॉटर निवासी अमन सिंग परिहार उर्फ अंकित 20 साल मूलत: उचेहरा थाना अमर पाटन, सिवनी का निवासी है। यहां मां सर्वेंट क्वॉटर में खाना बनाने का काम करती है। जिसके चलते युवक भी अपने मां के साथ ही रहता है। देर रात रामपुर के पास तीन अज्ञात बाइक सवारों ने युवक के साथ हाथापाई करते हुए चाकू घोंपकर फरार हो गए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# रांझी में दुकानदार महिला से मांगा रंगदारी टैक्स नहीं दिया तो घोंप दिया चाकू



**जबलपुर, यशभारत।** रांझी में चाय की दुकान चलाने वाली महिला के ऊपर चाकू से हमला कर ऑटो चालक ने बुरी तरह घायल कर दिया। घटना गोकलपुर की है। आरोपी महिला से एक हजार की अवैध वसूली करने की फिराक में था, जब महिला ने विरोध किया तो ताबड़तोड़ वार कर, मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि श्रीमती गीताबाई गोंड़ 49 वर्ष निवासी गोकलपुर ने पुलिस को बताया कि वह चाय की दुकान चलाती है। देर रात वह अपनी नातिन हर्षिता गोंड़ के साथ रांझी से गोकलपुर अपने घर जा रही थी इंजीनियरिंग कॉलेज के सामने आटो क्रमांक एमपी 20 आर 5659 का चालक अपना आटो रोककर उससे शराब पीने के लिये एक हजार रूपये मांगने लगा, उसने रूपये देने से मना किया तो गाली गलौज करते हुए चाकू से हमला कर दिया जिससे वह बुरी तरह घायल हो गई।

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी नगर निगम, जबलपुर**
संभाग क्रमांक 04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर
पत्रांक/सं.अ./04/एम/83/2021-22
जबलपुर, दिनांक : 28/07/2022

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कि सपतिकर पिन नं. 1000620459 मे पंजीकृत भवन स्वामी श्रीमती कुसुम मसीह के स्थान पर आवेदक श्रीमती सोमवती शर्मा पति श्री शिवकुमार शर्मा ने मकान नं. 415/03 एम.आई.जी.-20 वार्ड गुप्तेश्वर प्लाट क्षेत्रफल - वर्गफुट, निर्मित भूतल - वर्गफुट, प्रथमतल 661 वर्गफुट, द्वितीय - वर्गफुट, संलग्न विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस पर किसी भी व्यक्ति या संस्था को उक्त नामातरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर मे प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करे।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.-04 छोटी लाइन
नगर निगम, जबलपुर

# वेटरनरी कॉलेज में सेमीनार सूक्ष्म जीव विज्ञान पर दी जानकारी



**जबलपुर, यशभारत।** नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय अंतर्गत पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर में गौरवशाली 75 वर्ष पूर्ण होने पर वर्ष भर चलने वाले कायक्रमों की श्रृंखला में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो सीता प्रसाद तिवारी के मार्गदर्शन एवम अभिप्रेरणा में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति डॉ सीता प्रसाद तिवारी, अतिथि डॉ एस सी दुबे तथा अधिठाता डॉ आर के शर्मा द्वारा,मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया, । यह एक दिवसीय सेमिनार वेटरनरी महाविद्यालय के सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग द्वारा विषय बायोटेक्नोलॉजिकल अप्रोच टू मीट गेट इमर्जिंग रीइमर्जिंग एंड ट्रांस बाउंड्री डिजीज पर सभागार में किया गया यह सेमिनार डी बी टी द्वारा वित्त पोषित है। इस सेमिनार में क्षेत्र के जाने-माने विशेषज्ञ डॉ एस सी दुबे ने इस्टाब्लिशमेंट ऑफ बायो सैफ्टी लैबोरेटरी,डॉ अश्विन रावत ने मेटावेरोमिक्स एंड जीनोमिक्स बेस्ड स्ट्रेटजी फॉर आउट ब्रेकिंग इन्वेस्टिगेशन एंड emerging çisease çiagnosis,डॉ मेघा कटारे पांडे ने टानसलेश मेडिसिन तथा डॉक्टर तथा डा ए पी सिंह ने एप्लीकेशन ऑफ biotechnological टूल्स फॉर डायग्नोसिस ऑफ्मजिंज्ञ एंड reemerging डिसीज जैसे शीर्षक पर महत्वपूर्ण व्याख्यान प्रस्तुत किए , सेमिनार में भारी संख्या में लगभग 350 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया ।संपूणज़ कायज़्क्रम अधिष्ठाता वेटरनरी कॉलेज डॉ आर के शर्मा के नेतृत्व में , तथा रूप रेखा आयोजन सचिव व सह सचिव डॉ वंदना गुप्ता, डॉ अंजू नायक द्वारा तैयार कि गई। कायज़्क्रम में डॉ एस एस तोमर, डॉ सुनील नायक, डॉ मधु स्वामी डॉ लखानी, डॉ जी दास,डॉ कारमोरे , डॉ आदित्य मिश्रा, डॉ मोहन सिंह, समस्त फ्रागण तथा प्रतिभागी उपस्थित रहे कार्यंक्रम को सफ्ल बनाने में डॉक्टर पूनम शाक्य ,डॉ अजय राय, डॉ अमिता दुबे, डॉ वैशाली खरे, डॉ गुप्ता आदि की महत्वपूणज़ भूमिका रही। कार्यंक्रम का कुशल संचालन डॉ पूनम शाक्य तथा आभार व्यक्त डॉ वंदना गुप्ता द्वारा किया गया।

# गीता अग्रवाल का निधन



**जबलपुर।** आर्य कन्या शाला जबलपुर से सेवानिवृत्त शिक्षिका सुश्री गीता अग्रवाल सुपुत्री स्वर्गीय छोटे लाल अग्रवाल पचमढ़ी वाले का निधन हो गया है। अंतिम यात्रा निवास स्थान सुभाष नगर स्कूल के बाजू से, गेट नंबर 2, राइट टाऊन, से माँ नर्मदा तट,ग्वारीघाट मुक्तिधाम पहुंची जहां अंतिम संस्कार किया गया । वे युवा समाजसेवी और जबलपुर अग्रवाल सभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष धीरज अग्रवाल (रेलवे टीसी) अमित, अनुराग, माधव, केशव अग्रवाल की मौसी थीं।

**आवश्यकता है**
**शिवाय इण्डस्ट्रीज इण्डस्ट्रीयल**
ऐरिया रिछाई मार्केटिंग के लिए सेल्समैन की आवश्यकता है।
**ऑफिस:** 1350 रानीताल बीजेपी कार्यालय के सामने जबलपुर, (मप्र)
**मो. 9340164699 9770727890**

**यदि आप नौकरी पाना चाहते हैं**
अपने कौशल के साथ दिये गये मोबाइल नंबर पर संपर्क करें
**9009985689, 9131406684**
योग्यता कम से कम 12 वीं पास उम्र 18 से 27 वर्ष

**कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर**
**लोककर्म विभाग, निविदा आमंत्रण सूचना**

N.I.T. No. /PWD/e-tendering/PRO/322 दिनांक : 29.07.2022

पंजीकृत ठेकेदार/ मान्यता प्राप्त फर्म से निम्नलिखित कार्य के लिये आनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है-

| क्र. | पैकेज/ कोड | कार्य का विवरण | जिला | अनुमानित लागत (लाख में) | निर्माण अवधि (माह में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सं.क्र. 11 | डॉ. जेठी अस्पताल से पी.के. गुप्ता जी के घर तक सीमेंटीकरण कार्य। | जबलपुर | 15.88 (पन्द्रह लाख अठासी हजार रुपये मात्र ) | 04 माह |

(1) इच्छुक निविदाकार निविदा सूचना (NIT) का विवरण www.mptender.gov.in में देख सकते हैं। (2) निविदा प्रपत्र दिनांक 02.08.2022 को प्रातः 10.30 बजे से दिनांक 18.08.2022 सायं 5.30 बजे तक ऑनलाईन निविदा क्रय की जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री, नगर निगम, जबलपुर

2005 से अग्रणी 2022-2023 सत्र हेतु प्रवेश
महात्मा गांधी महिला कम्प्यूटर इन्स्टीट्यूट
(माखन लाल चतुर्वेदी विश्व विद्यालय से) बेसिक कम्प्यूटर कोर्स
PGDCA योग्यता स्नातक | DCA योग्यता बारहवीं | BCA योग्यता बारहवीं | TALLY | CPCT | TYPING
सफलता के 16 वर्ष
आयुष गैलरी के ऊपर, होमसाइंस कॉलेज रोड, जबलपुर जबलपुर- 9111167794, 6265955100

# लापता युवक की लाश स्वर्गद्वारी में मिली

**जबलपुर यश भारत ।** अधारताल थाना क्षेत्र के अंतर्गत का रहने वाले एक 45 वर्षीय युवक ने 26 जुलाई को तनाव के कारण तिलवारा पुल से छलांग लगाई थी। आज सुबह जिसकी लाश स्वर्गद्वारी में फंसी मिली। पुलिस ने प्रारंभिक कार्रवाई के उपरांत शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और विवेचना शुरू कर दी। तिलवारा पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम ताला हाल मुकाम एल आई जी 109 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी महाराजपुर का रहने वाला 45 वर्षीय मनीष पटेल पिता लक्ष्मी प्रसाद पटेल काफी दिनों से किडनी एवं सीने में तकलीफ होने के कारण परेशान रहता था । वह 26 जुलाई को बाइक में तिलवारा पुल पहुचां ,जहां पर उसने बाइक खड़ी की और चप्पल उतार कर पुल से छलांग लगाई दी । इधर जब मनीष पटेल देर रात तक अपने घर नहीं पहुंचा तो परिजनों द्वारा उसकी तलाश करते हुए तिलवारा थाने में गुम इंसान कायम कराया था जिसके बाद पुलिस द्वारा तलाश की जा रही थी आज सुबह मनीष पटेल का शव स्वर्गद्वारी में फंसा हुआ मिला जिसकी शिनाख्त परिजनों द्वारा कर ली गई पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के उपरांत शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रवाना कर घटना की पड़ताल शुरू कर दी है।

SINCE 1995
METC
AN INSTITUTE OF COMPUTER & VOCATIONAL EDUCATION
माखनलाल चतुर्वेदी रा.प.वि.वि. से संबद्ध
PGDCA प्रवेश प्रारंभ TALLY PRIME
DCA सर्वश्रेष्ठ परिणाम CPCT SPECIAL BATCHES
AIECCE New Delhi संबद्ध
NTT नर्सरी टीचर्स ट्रेनिंग
Elg.-10",12"/Graduate
FREE Seminar, GDPL, Course Material & Skill Dev.
3rd फ्लोर, मोहित चैम्बर्स, राईट टाउन- 9302227789 | राजुल सिटी गंगानगर, गढ़ा-9303327788



मॉं शक्ति
एकवा आरो सिस्टम
सभी प्रकार के आरो सैल्स एवं सर्विस के लिए सम्पर्क करें :
मो.- 9074629210
अब अपने RO की सर्विसिंग कराएं वो भी बिल्कुल फ्री
पता- शंकर नगर करमेता, जबलपुर


सेल... सेल... सेल...
मानसून ऑफर
फैन्सी साड़ियाँ, सूट, लहंगा, इवनिंग गाऊन, क्रॉप टॉप, कुर्ती पर
UPTO 50% OFF
श्री शुभमंगल कलेक्शन
सतना बिल्डिंग, मालवीय चौक, जबलपुर 0761- 4015444, 7828684355
NARMADA


स्थापना 1948 74 वर्षो का आपका विश्वास
मंदिर छाप छाता
छाते ही छाते
निर्माता- लक्ष्मी अम्ब्रेला इंडस्ट्रीज
905 जवाहरगंज जबलपुर (मप्र) फो. 0761-2481944
लक्ष्मी एम्पोरियम 905 जवाहरगंज जबलपुर (मप्र) फो. 0761-2481229
अधिकृत विक्रेता
प्लास्टिक सिल्पोलिन तिरपाल के थोक विक्रेता मो. 9826116661
न्यू लक्ष्मी एम्पोरियम 3/15 सिविक सेंटर मढ़ाताल जबलपुर (मप्र) फो. 0761-2481262,2481362

# स्मार्ट सिटी की मनमानी का खामियाजा भुगत रहे 478 दुकानदार

### प्रतिबंध के बाद भी नाले पर खड़ी कर दी बहुमंजिला ईमारत, दुकानों के सामने खुले में बह रहा नाले का पानी।

**भोपाल (यश भारत)।** स्मार्ट सिटी कंपनी द्वारा नियमों को ताक में रखकर एरिया बेस्ड डेवलमेंट के नाम पर अनियोजित निर्माण कार्य किए जा रहे हैं। इसका खामियाजा वहां के लाखों रहवासी और 478 दुकानदार भुगत रहे हैं। रंगमहल टाकीज के सामने से पलाश होटल तक निकलने वाले प्राकृतिक नाले को बंद कर छोटे नाले में डायवर्ट कर दिया गया है। इसके ऊपर शासकीय कर्मचारियों के रहने के लिए बहुमंजिला इमारत बनाई जा रही है। तेज बरसात में जलभराव होने पर नाला बंद होने से इसका पानी सड़कों में बहता है। पलाश मार्केट के सामने सड़क में नाले का पानी बह रहा है। ग्राहकों को रुकने और गाड़ी खड़ी करने की जगह तक नहीं है। जिससे दुकानदारों का व्यापार चौपट हो रहा है। बतादें कि टीएनसीपी के नियमानुसार किसी प्राकृतिक नाले से सात मीटर के अंदर निर्माण कार्य प्रतिबंधित है। इसके बावजूद गुजरात की निर्माण एजेंसी द्वारा नाले के ऊपर बहुमंजिला ईमारत बनाई जा रही है। आठ फीट के प्राकृतिक नाले को बंद कर इसे दो फीट के नाले में डायवर्ट किया गया है। ऐसे में जलभराव होने पर नाले से बहने वाला पानी सड़क और लोगों के घरों में भरता है। पलाश मार्केट सड़क में दिनभर पानी बहने से इसकी गिट्टी और डामर बह गई है। व्यापारियों ने बताया कि नगर निगम द्वारा पलाश होटल के सामने वर्ष 1990 में 80 दुकानें बनाई गई थी। व्यापारियों को एक लाख रुपये लेकर ये दुकानें लीज पर दी गई थी। इसके साथ ही आसपास इस क्षेत्र में 400 अन्य दुकानें हैं, जिन्हें स्मार्ट सिटी हटाना चाहता है। इस वजह से दुकानदारों की सुविधाओं को अनदेखा कर रहा है।

### नगर निगम ने भी की थी शिकायत

जिस नाले पर सरकारी कर्मचारियों के लिए बहुमंजिला इमारत बनाई जा रही है। उसके लिए नगर निगम पहले से कोर्ट में लड़ाई लड़ रहा है। दरअसल बीते कई सालों से एक निजी व्यक्ति द्वारा यहां कामर्शियल कांपलेक्स बनाया गया था। नाले पर बने होने की वजह नगर निगम ने इसे तोड़ने की कार्रवाई के लिए नोटिस भेजा था, लेकिन सामने वाली पार्टी कोर्ट से स्टे ले आई। जिससे नगर निगम भी अतिक्रमण की कार्रवाई नहीं कर पाया। अब यह मामला कोर्ट में चल रहा है।



### नाले को डायवर्ट करने से बही दीवार

पलाश होटल के पास से बहने वाले नाले को छोटी नाली में डायवर्ट करने की वजह से बरसात का पानी इससे नहीं निकल पाता है। ऐसे में नाले में बहने वाले पानी को जहां भी जगह मिलती है, वहीं से बहने लगता है। बीते एक सप्ताह पहले हुई तेज बरसात का पानी नाले से नहीं निकल पाया, और पलाश होटल के पास बने युवा कल्याण छात्रावास में भर गया। पानी का दबाव अधिक होने से छात्रावास की दीवार टूट गई। स्मार्ट सिटी कंपनी की गाइड लाइन के नियमानुसार दुकानों का विस्थापन करना मना है। यदि डेवलपमेंट करना है तो उसी स्थान पर व्यापारियों को दुकानें देनी होगी। इसलिए स्मार्ट सिटी के अधिकारी हमें परेशान कर रहे हैं। दुकानों के सामने नाला बह रहा है, जिससे सड़क भी उखड़ गई है। दुकानों के सामने पानी भरा होने से ग्राहक नहीं आते हैं। व्यापारियों का धंधा चौपट हो रहा है।

**बहुमंजिला इमारत बनाने के लिए नाला बंद करने की जानकारी नहीं है। यदि शिकायत आती है तो संबंधित निर्माण एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। खुले में नाले का पानी नहीं बहाया जा सकता है। अधिकारियों को निर्देशित कर घटना स्थल का मुआयना कराने के बाद व्यापारियों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा।**

**– अंकित अस्थाना, सीईओ स्मार्ट सिटी भोपाल**




# यूजी व पीजी में प्रवेश हेतु आनलाइन सत्यापन और त्रुटि सुधार के लिए 31 जुलाई तक मौका

### उच्च शिक्षा विभाग के 1321 निजी व सरकारी कालेजों में प्रवेश के लिए चौथा सीएलसी राउंड जारी

**भोपाल (यश भारत)।** प्रदेश के 1321 निजी व सरकारी कालेजों में प्रवेश के लिए चौथे चरण की कालेज लेवल काउंसलिंग (सीएलसी) प्रक्रिया जारी है। अभी तक नए आवेदकों के पंजीयन होने के बाद सत्यापन कराने की अंतिम तारीख शनिवार तक थी, लेकिन अब एक दिन की और वृद्धि कर दी गई है। अब यूजी व पीजी में पंजीकृत आवेदकों के दस्तावेजों का आनलाइन सत्यापन और त्रुटि सुधार 31 जुलाई तक होगा। सीएलसी के चौथे चरण के अंतर्गत आवेदक विद्यार्थी शनिवार तक निर्धारित प्रारूप में इच्छानुसार एक से अधिक महाविद्यालय में आवेदन जमा कर सकेंगे। सभी महाविद्यालय एक अगस्त को मेरिट सूची तैयार कर महाविद्यालय की लागइन आइडी पर अपलोड करेंगे और नोटिस बोर्ड पर चस्पा करेंगे। साथ ही आनलाइन शुल्क जमा करने के लिए लिंक एनिशिएट करेंगे। आवेदक विद्यार्थी एक अगस्त से पांच अगस्त तक प्रवेश शुल्क का आनलाइन भुगतान कर प्रवेश ले सकेंगे।

### यूजी व पीजी में कुल 3,86,415 प्रवेश

अब तक यूजी व पीजी को मिलाकर कुल 3,86,415 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है, जबकि करीब चार लाख सीटों पर प्रवेश के लिए चौथे चरण की सीएलसी प्रक्रिया जारी है। उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों के अनुसार अब तक यूजी में 2,86,486 विद्यार्थियों ने एडमिशन लिया है, जबकि पीजी में 99,929 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है। चौथे चरण की सीएलसी के तहत यूजी में अब तक 47,002 ने पंजीयन कराया है। इनमें से 38,307 ने दस्तावेतों का सत्यापन कराया। वहीं पीजी के लिए 19,841 ने पंजीयन कराकर 15220 ने सत्यापन कराया है।

### एनसीटीई कोर्स के दूसरे अतिरिक्त चरण दो अगस्त को जारी होगी मेरिट सूची

उधर, प्रदेश के बीएड कालेजों में भी प्रवेश की प्रक्रिया जारी है। राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) के कोर्सेस में प्रवेश के लिए पंजीयन और कालेजों का चयन करने की तारीख पूरी कर ली गई है। अब शनिवार तक सत्यापन किया जाएगा और दो अगस्त को मेरिट सूची जारी होगी। आठ अगस्त को सीट आवंटित होगी। आवंटित कालेजों में आनलाइन प्रवेश शुल्क का भुगतान करने की तिथि आठ से 13 अगस्त तक है। एनसीटीई के बीएड, एमएड, बीपीएड, एमपीएड, बीएबीएड, बीएससी बीएड, बीएलएड आदि कोर्सेस में प्रवेश प्रक्रिया के अतिरिक्त राउंड में अब तक 12,354 आवेदकों ने पंजीयन कराया है। 26,691 ने कालेजों का विकल्प दिया है, जबकि 9436 ने दस्तावेजों का सत्यापन कराया है।

# विधानसभा चुनाव के पहले आएगा राज्य सरकार का नया विमान

### आठ सीटों के विमान के लिए खर्च होंगे करीब 180 करोड़ रुपये ।पुराने विमान को नीलाम करने के लिए निविदा आमंत्रित करेगी सरकार



**भोपाल (यश भारत)।** मई, 2021 में ग्वालियर एयरपोर्ट पर उतरते समय दुर्घटनाग्रस्त हुए राजकीय विमान की मरम्मत की गुंजाइश न होने पर शिवराज सरकार अब नया विमान खरीदेगी। अमेरिका की टैक्सट्रान कंपनी की निविदा को स्वीकृति दी गई है। दो इंजन और आठ सीटों वाला विमान अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव के पहले आ जाएगा। राज्य के विमानन विभाग ने विमान खरीदी की प्रक्रिया को अंतिम रूप देना प्रारंभ कर दिया है। वहीं, दुर्घटनाग्रस्त विमान को नीलाम करने के लिए निविदा आमंत्रित करने की तैयारी है।मुख्यमंत्री कार्यालय के सूत्रों ने बताया कि साइटेशन एक्सेल जनरेशन टू श्रेणी का यह विमान एक बार ईंधन भरने पर देश के किसी भी स्थान पर पहुंच सकेगा। इसकी गति 817 किमी प्रति घंटा है। यह प्रदेश की सभी बड़ी हवाई पट्टियों पर उतर सकेगा। टैक्स सहित इसकी कीमत 180 करोड़ रुपये के आसपास पड़ेगी। इसका बीमा भी कराया जाएगा। फिलहाल मुख्यमंत्री किराये के विमान में सफर करते हैं। उल्लेखनीय है कि ग्वालियर में दुर्घटनाग्रस्त हुए राजकीय विमान बी 2-100 का बीमा नहीं था। कोरोना काल में यह गुजरात से रेमडेसिविर इंजेक्शन लेकर आ रहा है। रात में उतरते समय यह दुर्घटनाग्रस्त हुआ था। जांच में दुर्घटना के लिए पायलट कैप्टन माजिद अख्तर की लापरवाही सामने आई थी। उनका लाइसेंस निलंबित कर उनके विरुद्ध विभागीय जांच की जा रही है।

# रुक जाना नहीं योजना के 18 हजार सफल विद्यार्थियों को 11वीं में प्रवेश लेने के लिए दो दिन शेष

**भोपाल (यश भारत)।** माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) की 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा में फेल विद्यार्थियों के लिए राज्य ओपन स्कूल की ओर से %रुक जाना नहीं योजना के तहत परीक्षा आयोजित की गई थी। इसमें 10वीं में 77 हजार विद्यार्थी शामिल हुए थे। इसमें से 18 हजार विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं, जो 11वीं कक्षा में प्रवेश लेंगे। इन विद्यार्थियों को दो दिन का समय शेष है, क्योंकि स्कूलों में 11वीं कक्षा में 31 जुलाई तक प्रवेश की आखिरी तारीख है। अभी तक माशिमं की 10वीं व 12वीं की पूरक परीक्षा का परिणाम भी जारी नहीं हुआ। माशिमं ने स्कूलों में 31 जुलाई तक प्रवेश प्रक्रिया पूरी करने के आदेश दिए हैं। वहीं विभागीय अधिकारियों का कहना है कि प्रवेश की तारीख नहीं बढ़ाई जाएगी, जबकि विद्यार्थियों ने प्रवेश की तारीख आगे बढ़ाने की मांग की है।




### 10वीं व 12वीं पूरक परीक्षा का परिणाम अब तक जारी नहीं

माशिमं की ओर से आयोजित पूरक परीक्षा में प्रदेश के एक लाख 96 हजार 461 विद्यार्थी शामिल हुए थे। यह परीक्षा जून में आयोजित की गई थी। अब तक इसका परिणाम जारी नहीं किया गया है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि 10वीं व 12वीं का पूरक परीक्षा का परिणाम अगस्त के प्रथम सप्ताह में आने की संभावना है। ऐसे में फिर इन विद्यार्थियों का प्रवेश कैसे हो पाएगा।

### 11वीं में लेना होगा अस्थायी दाखिला

माशिमं ने अभी पूरक परीक्षा के परिणाम घोषित नहीं होने के कारण इन विद्यार्थियों को अस्थायी प्रवेश लेना होगा। अगर विद्यार्थी पास होते हैं, तो वे स्थायी प्रवेश पा सकेंगे। अधिकारियों का कहना है कि पूरक परीक्षा देने वाले विद्यार्थी अस्थायी दाखिला ले सकते हैं।

10वीं व 12वीं परीक्षा का परिणाम अगस्त के प्रथम सप्ताह में जारी किए जाने की संभावना है। पूरक के विद्यार्थी अस्थायी प्रवेश ले सकते हैं। प्रवेश की तारीख नहीं बढ़ाई जाएगी।– मुकेश मालवीय, जनसंपर्क अधिकारी, माशिमं

# बैंकिंग सेवाओं में शाजापुर, मंडला पीछे, भोपाल और इंदौर आगे




### मध्य प्रदेश सरकार ने जारी की वित्तीय समावेशन रिपोर्ट 2022

**भोपाल (यश भारत)।** मध्य प्रदेश सरकार ने शुक्रवार को प्रदेश की जिलेवार वित्तीय समावेशन रिपोर्ट जारी की है। इसके तहत बैंकिंग सुविधा में शाजापुर, मंडला, बड़वानी, भिंड, मुरैना, सतना, दतिया जैसे 16 जिले पिछड़े हुए हैं। इनमें जनजाति बहुल जिले ज्यादा हैं। जबकि भोपाल, इंदौर, रायसेन, धार, इंदौर सहित 17 जिलों का प्रदर्शन अच्छा रहा है। इस मौके पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि संभवत- यह मध्य प्रदेश पहला राज्य है। जिसमें वित्तीय समावेशन सूचकांक रिपोर्ट जारी की है। उन्होंने कहा कि वित्तीय समावेशन की दृष्टि से मध्य प्रदेश बेहतर काम कर रहा है। कार्यक्रम कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया गया।अटल बिहारी वाजपेयी इंस्टीट्यूट आफ गुड गवर्नेंस एंड पालिसी एनलिसिस (एग्पा) ने रिपोर्ट तैयार की है। जिसका विमोचन मुख्यमंत्री ने किया। बैंक में खाते खुलवाने सहित वित्तीय लेन-देन, एटीएम का उपयोग और डिजिटल बैंकिंग की दृष्टि से जिलों को तीन श्रेणी (उच्च वित्तीय समावेशन जिले, मध्यम वित्तीय समावेशन जिले और कम वित्तीय समावेशन जिले) में वर्गीकृत कर रिपोर्ट तैयार की गई है।

औसत सूचकांक 268 रखा गया है। 0.640 के सूचकांक के साथ भोपाल जिले ने वित्तीय समावेशन सूचकांक में अग्रणी स्थान हासिल किया है। इस श्रेणी में 17 जिले हैं। जिन्हें 0.319 से 0.640 अंक हासिल हुए हैं। इस अध्ययन में नीति आयोग ने चिन्हित आकांक्षी जिले (विदिशा, राजगढ़, दमोह, गुना, छतरपुर, खंडवा, बड़वानी और सिंगरौली) की स्थिति भी प्रस्तुत की है।

### उच्च वित्तीय समावेशन जिले

भोपाल, इंदौर, होशंगाबाद, हरदा, धार, जबलपुर, सीहोर, उज्जैन, रतलाम, ग्वालियर, नीमच, देवास, रायसेन, छिंदवाड़ा, झाबुआ, नरसिंहपुर और राजगढ़ शामिल हैं।

### मध्यम वित्तीय समावेशन जिले

शहडोल, बालाघाट, दमोह, सागर, मंदसौर, कटनी, पन्ना, सीधी, छतरपुर, अनूपपुर, बैतूल, विदिशा, उमरिया, सिवनी, अशोकनगर, गुना और खरगोन जिले शामिल हैं। इन जिलों ने 0.229 से 0.316 अंक प्राप्त किए हैं।

### कम वित्तीय समावेशन जिले

शाजापुर, मंडला, बड़वानी, खंडवा, दतिया, डिंडोरी, सतना, टीकमगढ़, श्योपुर, आलीराजपुर, बुरहानपुर, रीवा, शिवपुरी, सिंगरौली, भिंड और मुरैना जिले शामिल हैं। इन जिलों ने 0.101 से 0.222 अंक प्राप्त किए हैं।

### जनजातीय लोग नहीं जाते बैंक

अध्ययन में बताया गया है कि बैंक अधिकारियों से बातचीत में अनिच्छा के चलते जनजातीय समाज के लोग बैंक जाने से बचते हैं। ग्राहक सेवा केंद्रों से भी उनके संबंध अच्छे नहीं बन पा रहे हैं।

### खाते खुलवाने तक सीमित न रहें

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि केवल बैंक खाते खुलवाने तक सीमित न रहें। डिजिटल ट्रांजेक्शन बढ़ाना होगा। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में जनधन योजना में सौ प्रतिशत समावेश पर जोर देना होगा। कार्यक्रम में भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर एमके जैन, मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस, विभिन्न् बैंकों के अधिकारी उपस्थित थे।

# बिल्डर सड़क की जमीन पर बना रहा बाउंड्री वाल, पार्क में काटे प्लाट

### रहवासी बिल्डर की मनमानी से परेशान

**भोपाल (यश भारत)।** राजधानी के बगली गांव स्थित एक निजी कालोनी के रहवासी बिल्डर की मनमानी से परेशान हैं। रहवासियों का कहना है कि बिल्डर ने जो जमीन पार्क के लिए छोड़ी थी, अब उसमें निर्माण कार्य कर रहा है। इससे बच्चों के खेलने के लिए जगह नहीं बचेगी। वहीं बिल्डर की मनमानी से आसपास के किसान भी परेशान हैं।बिल्डर ने अपनी पूरी जमीन पर निर्माण कर दिया है और अब सड़क के लिए आरक्षित जमीन पर बाउंड्री वाल बना रहा है। ऐसे में सड़क किसानों की जमीन पर आ गई है। बिल्डर की मनमानी से परेशान किसानों से इसकी शिकायत एसडीएम और सीएम हेल्पलाइन में की है लेकिन अब बिल्डर के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। किसानों का कहना है कि बिल्डर कालोनी की बाउंड्री वाल सड़क की जमीन पर बनाना चाहता है। वहीं कालोनी में बनाया गया सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट भी सड़क की जद में आ रहा है। ऐसे में बाउंड्री वाल निर्माण पर रोक लगाई जाए। हालांकि तहसीलदार कार्यालय से कार्रवाई नहीं होने पर किसानों ने सात जून को एक शिकायती आवेदन एसडीएम को भी दिया है। साथ ही सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत की है। इस पूरे मामले के बीच रिगालिया कालोनी के रहवासी सड़क और बाउंड्री वाल को लेकर परेशान हैं। सड़क पर कीचड़ और गड्ढों में भरे बारिश के पानी से निकलना मुश्किल हो गया है। बता दें, पिछले दिनों इसी कालोनी में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का ट्रीटेड वाटर पेयजल टंकी में मिलने पर रहवासियों ने हंगामा किया था। इसके बाद बिल्डर की ओर से टंकी खाली कराई गई, लेकिन इसकी पूरी सफाई करने से पहले ही जलापूर्ति शुरू कर दी गई। उक्त मामला मेरे संज्ञान में नही हैं और ना ही मेरे पास ऐसी कोई शिकायत की गई है। यदि कालोनाइजर द्वारा कालोनी निर्माण में अनियमितता बरती गई है तो इसकी शिकायत मिलने पर जांच कराई जाएगी।

# 41 जिलों में भाजपा सरकार, कांग्रेस दस पर सिमटी

### कोर्ट द्वारा परिणाम पर रोक के चलते सीधी जिला पंचायत का नहीं हुआ चुनाव

**भोपाल (यश भारत)।** मध्य प्रदेश में शुक्रवार को हुए जिला पंचायत अध्यक्ष-उपाध्यक्ष के चुनाव में भाजपा समर्थित प्रत्याशियों ने शानदार जीत दर्ज की। 51 में से 41 जिलों में भाजपा सरकार बनी है, वहीं कांग्रेस दस जिलों में सिमट गई। कोर्ट द्वारा एक वार्ड के परिणाम पर रोक के कारण सीधी जिला पंचायत के चुनाव नहीं कराए जा सके। इसके पहले जनपद पंचायत के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष के चुनाव में भी भाजपा ऐसा ही प्रदर्शन कर चुकी है। नगर पालिका और नगर परिषद में भी भाजपा का ही बहुमत है। भोपाल, उज्जैन सहित अन्य कई जिलों में चुनाव के दौरान हंगामा भी हुआ।

### दिग्विजय सिंह ने पकड़ी पुलिस अधिकारी की कालर, मुख्यमंत्री ने की निंदा

भोपाल में जिला पंचायत अध्यक्ष के चुनाव को लेकर जमकर हंगामा हुआ। यहां जीतने वालों में कांग्रेस समर्थित जिला पंचायत सदस्यों की संख्या अधिक मानी जा रही थी, लेकिन अध्यक्ष भाजपा समर्थित रामकुंवर नवरंग गुर्जर चुनी गईं। जब भाजपा नेता उन्हें चुनाव स्थल पर लेकर जाने लगे तो कांग्रेस के नेताओं ने इसका विरोध करते हुए पुलिस अधिकारियों के साथ झूमाझटकी की। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने एक पुलिस अधिकारी की कालर पकड़ ली। उन्होंने पुलिस और प्रशासन पर कांग्रेस समर्थित सदस्यों को धमकाने और बलपूर्वक मतदान कराने का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दिग्विजय सिंह के इस आचरण को अशोभनीय बताया। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री पुलिस अधिकारी की कालर पकड़ रहे हैं। कलेक्ट्रेट के गेट को धक्का देकर तोड़ने की कोशिश की जा रही है। लोकतंत्र में जय-पराजय चलती रहती है, लेकिन ऐसी बौखलाहट कि आप अधिकारी की कालर पकड़ें, यह अधिकार आपको किसने दिया। मुझे आश्चर्य है कि दस साल तक मुख्यमंत्री रहने वाला व्यक्ति ऐसी प्रतिक्रिया दे रहा है। यह तो कांग्रेस की बौखलाहट का प्रतीक है। जमीन खिसक गई तो अपशब्द कहने, कालर पकड़ने की मैं निंदा करता हूं।

### बड़वानी में भाजपा से बागी मंत्री पुत्र जीते, शाम को अधिकृत प्रत्याशी बताया

बड़वानी में मंत्री प्रेम सिंह पटेल के बेटे बलवंत पटेल चुनाव जीते हैं। उन्होंने भाजपा से बागी होकर चुनाव लड़ा था। पार्टी ने कविता आर्य को प्रत्याशी के रूप में समर्थन दिया था। परिणाम आने के बाद आर्य के समर्थकों ने मंत्री के विरुद्ध नारेबाजी की और भाजपा कार्यालय में हंगामा किया। उधर, शाम को पार्टी के जिला अध्यक्ष ओम सोनी ने पत्रकारवार्ता कर बलवंत पटेल को पार्टी का समर्थित प्रत्याशी बता दिया। बताया।

### टीकमगढ़ में उमा भारती के भतीजे की पत्नी बनीं अध्यक्ष

टीकमगढ़ जिला पंचायत अध्यक्ष के लिए हुए निर्वाचन में पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती के भतीजे राहुल सिंह की पत्नी उमिता सिंह जीत गईं।

### तीन जिलों में लाटरी से चुने गए अध्यक्ष

धार, उमरिया और आगर-मालवा में जिला पंचायत अध्यक्ष लाटरी से चुने गए। तीनों स्थानों पर भाजपा और कांग्रेस समर्थित प्रत्याशियों को बराबर मत मिले। इसके बाद निर्वाचन अधिकारी ने लाटरी के माध्यम से चुनाव कराया। इसमें परिणाम भाजपा के पक्ष में आए।

जिला- निर्वाचित अध्यक्ष-समर्थक दल
भोपाल- रामकुंवर गुर्जर (भाजपा)
राजगढ़- चंदर सिंह सोंधिया (कांग्रेस)
रायसेन-बबलू जसवंत मीणा (भाजपा)
सीहोर- गोपाल सिंह इंजीनियर (भाजपा)
विदिशा- गीता रघुवंशी (भाजपा)
इंदौर- रीना मालवीय (भाजपा)
खरगोन- अनु तंवर (भाजपा)
खंडवा- कंचन तनवे (भाजपा)
धार- सरदार सिंह (भाजपा)
झाबुआ- सोनल भाबोर (कांग्रेस)
बुरहानपुर- गंगाराम मार्को (भाजपा)
आलीराजपुर- अनीता सिंह चौहान (भाजपा)
बड़वानी- बलवंत पटेल (भाजपा)
ग्वालियर- दुर्गेश कंवर जाटव (भाजपा)
गुना- अरविंद धाकड़ (भाजपा)
शिवपुरी-नेहा अमित यादव (भाजपा)
अशोक नगर-जगन्नथ सिंह रघुवंशी (भाजपा)
दतिया- इंदिरा दांगी (भाजपा)
जबलपुर-संतोष बरकड़े (भाजपा)

छिंदवाड़ा- संजय पुन्हार (कांग्रेस)
सिवनी-मालती डेहरिया (भाजपा)
बालाघाट-सम्राट सरस्वार (कांग्रेस)
मंडला-संजय कुशराम (भाजपा)
डिंडौरी-रुद्रेश परस्ते (कांग्रेस)
नरसिंहपुर-ज्योति काकोड़िया (भाजपा)
कटनी- सुनीता मेहरा (भाजपा)
उज्जैन-कमला कुंवर देवड़ा (भाजपा)
नीमच-सज्जन सिंह चौहान (भाजपा)
रतलाम-लालाबाई (भाजपा)
शाजापुर-हेमराज सिंह सिसौदिया (भाजपा)
आगर-मालवा-मुन्नी बाई चौहान (भाजपा)
मंदसौर- दुर्गा विजय पाटीदार (भाजपा)
देवास-लीला आटारिया (कांग्रेस)

सागर- हीरा सिंह राजपूत (भाजपा)
छतरपुर-विद्या देवी (भाजपा)
दमोह- रंजीता पटेल (कांग्रेस)
टीकमगढ़-उमिता राहुल सिंह (भाजपा)
निवाड़ी-सरोज प्रेमचंद राय (भाजपा)
पन्ना- मीना परमार (भाजपा)
रीवा- नीता कोल (भाजपा)
सिंगरौली- सोनम सिंह (कांग्रेस)
सतना- रामखेलावन कोल (भाजपा)

नर्मदापुरम-राधाबाई गौर (कांग्रेस)
बैतूल- राजा पंवार (भाजपा)
हरदा- गजेंद्र शाह (भाजपा)
शहडोल- प्रभा मिश्रा (भाजपा)
उमरिया- अनुजा पटेल (भाजपा)
अनूपपुर- प्रीति सिंह (कांग्रेस)
भिंड-कामना भदौरिया (भाजपा)
श्योपुर-गुड्डी आदिवासी (भाजपा)
मुरैना- आरती गुर्जर (भाजपा)

# गोंगपा की मालती डेहरिया निर्विरोध बनी अध्यक्ष

## कांग्रेस के दावेदार ब्रजेश उर्फ लल्लू बघेल का नामांकन निरस्त





सिवनी यशभारत। सिवनी जिला पंचायत के चुनाव में जिले की राजनीति में कई ऐसे-ऐसे रंग देखने को मिले जो अमूमन कहीं और दिखाई नहीं देते। जिला पंचायत के चुनाव में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के 06 सदस्य चुनाव जीते थे।

लेकिन उनके पास जिला पंचायत अध्यक्ष का कोई दावेदार नहीं था।लेकिन इसे गोंडवाना की किस्मत ही कही जाएगी कि वार्ड क्रमांक 15 से विधायक दिनेश राय मुनमुन के विशेष प्रयासों से चुनाव जीती मालती मुकेश डहेरिया ने भाजपा को अलविदा कहते हुए गोंडवाना का दामन थाम लिया।

### कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन रद्द

जिसके बाद जिला पंचायत अध्यक्ष के लिए कांग्रेस और गोंडवाना ने अपने नामांकन दाखिल किए। कुछ देर बाद खबर आई कि कांग्रेस समर्थित ब्रजेश उर्फ लल्लू बघेल का नामांकन निरस्त कर दिया और श्रीमती मालती मुकेश डहेरिया निर्विरोध अध्यक्ष चुन ली गई। जिसके बाद भाजपा खेमे ने जमकर जीत का जश्न मनाना शुरू कर दिया।

### कांग्रेस में आक्रोश

कांग्रेस समर्थित ब्रजेश उर्फ लल्लू बघेल का फार्म रिजेक्ट होने की खबर के बाद कुछ अधिवक्ता निर्वाचन अधिकारी से बात चीत करने का प्रयास करते रहे लेकिन कोई भी अधिकारी नही मिला।जिसके चलते कांग्रेसियों के भीतर जमकर आक्रोश देखने को मिला और वह निर्वाचन स्थल के सामने ही धरने पर बैठ गये।और जमकर नारेबाजी शुरू कर दिया।कांग्रेसियों का कहना था कि निर्वाचन अधिकारी अधिवक्ताओं से मिलकर यह क्यों नही बताते कि लल्लू बघेल का फार्म किस आधार पर रिजेक्ट किया गया ?

### गोंडवाना की जीत में भाजपा की खुशी

सिमरिया कांड के बाद गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के नेताओं ने भाजपा के नेताओं को जमकर कोसा था। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को भी गोंडवाना के नेता कोस रहे थे लेकिन आज सिवनी का कुछ बदला हुआ नजारा दिखाई दिया। कल तक जो गोंडवाना गणतंत्र पार्टी भाजपा के नेताओं को कोसा करती थी, आज वही गोंडवाना गणतंत्र पार्टी भाजपा की बी टीम बनकर खुले रूप में सामने आई।

जिला पंचायत चुनाव में एक नजारा और देखने को मिला,जब ब्रजेश और लल्लू बघेल का फार्म रिजेक्ट हुआ और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी की मालती मुकेश डहेरिया निर्विरोध अध्यक्ष चुन ली गई तो भारतीय जनता पार्टी के कुछ पदाधिकारी और कार्यकर्ता अति उत्साह में आकर मालती मुकेश डहेरिया को बधाई देते हुए जय भाजपा-विजय भाजपा की संज्ञा देने लगे। जबकि मालती मुकेश डहेरिया ने भाजपा से गद्दारी करते हुए गोंडवाना का दामन थाम लिया था। भारतीय जनता पार्टी के नेता जिस तरह मालती मुकेश डहेरिया के निर्विरोध निर्वाचन की खबर से खुश नजर आ रहे थे, उससे तो यही लग रहा था कि भारतीय जनता पार्टी को जितना सदमा मालती मुकेश डहेरिया के भाजपा छोड़कर जाने से नहीं लगा उससे ज्यादा खुशी कांग्रेस के प्रत्याशी लल्लू बघेल के फार्म रिजेक्ट होने से हुई।

**भाजपा ने खुली जीप में मालती डेहरिया के साथ निकाली रैली**

**मजे की बात तो यह है कि मालती मुकेश डहेरिया को एक खुली जीप में खड़ा कर बकायदा एक रैली भी निकाली गई।जिसके बाद गोंडवाना और भाजपा की जुगलबंदी को लेकर तरह तरह की चर्चाएं चलते रही।**



# भीमगढ़ संजय सरोवर बांध का जलस्तर बढ़ा, खोले गये दो गेट

### 10 हजार घनमीटर छोड़ा, निचले क्षेत्रों के लोगों को किया अलर्ट

सिवनी यशभारत। सिवनी जिले में हो रही लगातार बारिश से भीमगढ़ संजय सरोवर बांध का जल स्तर बढ़ रहा है। बढ़ रहे जल स्तर को देखते हुए बांध के दो गेट गुरुवार रात 1-1 मीटर खोल दिए गए हैं।

**10 हजार घन फिट प्रति सेकंड (282 क्यूसेक) पानी की निकासी**

जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री ने बताया कि, संजय सरोवर जलाशय भीमगढ़ का वर्तमान जलस्तर 516.89 मीटर है। जलस्तर तथा जल संग्रहरण क्षेत्र में हो रही लगातार बारिश के मद्देनजर रात 9 बजे से बांध के 2 गेट एक-एक मीटर खोले दिए गए हैं। इससे 10 हजार घन फिट प्रति सेकंड (282 क्यूसेक) पानी की निकासी की जा रही है।

**जलभराव क्षमता 519.38 मीटर**

इस साल पहली बार बांध के गेट खोले गए हैं। लेकिन वर्तमान में बांध के जल स्तर में बढ़ोत्तरी देखने को मिल रही है। एरिया में मशहूर मिट्टी के सबसे बड़े संजय सरोवर परियोजना भीमगढ़ बांध की उच्चतम जलभराव क्षमता 519.38 मीटर है।

अधिकारियों द्वारा लोगों से कहा गया कि सावधानी बरतें। बांध के गेट खोलने से पहले सिंचाई विभाग के अधिकारियों द्वारा डेम के निचले क्षेत्रों में सतर्क रहने की सूचना जारी कर दी गई है।बांध के जल स्तर पर प्रशासन लगातार नजर रख रहा है। दो साल पहले भारी वर्षा के बीच अचानक बांध के गेट खोलने के कारण भीमगढ़ क्षेत्र के रहवासियों को बड़ी त्रासदी का सामना करना पड़ा था।

**684.6 औसत मिमी वर्षा दर्ज**

जिले के आठ विकासखंड में 1 जून से 28 जुलाई तक 684.6 औसत वर्षा दर्ज हुई है।सिवनी में 721.2 मिमी, कुरई में 761.0 मिमी, बरघाट में 848.0 मिमी, केवलारी में 643.3 मिमी, छपारा में 731.0 मिमी, लखनादौन में 555.9 मिमी, धनौरा में 577.4 मिमी, व घंसौर विकासखंड में 639.1 मिमी, वर्षा दर्ज की गई है। जिले में कुल 5476.9 मिमी, वर्षा दर्ज हुई है। उल्लेखनीय है कि विगत 28 जुलाई 2021 तक जिले में कुल 3314.6 मिमी, वर्षा दर्ज की गई थी।

## संगीतमय श्रीमदभागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ एवं रुद्राभिषेक शुरू




सिवनी यशभारत। श्री हनुमान जी महाराज की कृपा से एवं श्री बंजारी माँ की सतप्रेरणा से श्री मद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ एवं महारूद्राभिषेक का दिव्य आयोजन दिनांक 29 जुलाई से 4 अगस्त 2022 तक स्थानीय राशि लान,बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने बारापत्थर सिवनी में किया गया है। आयोजन समिति ने कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि कलश शोभा यात्रा स्थापना 29 जुलाई 2022 दिन शुक्रवार तथा हवन पूर्णाहुती विसर्जन एवं भण्डारा 04 अगस्त 2022 दिन गुरूवार को रखा गया है। प्रतिदिन भागवत पारायण एवं शिवाभिषेक प्रात:09 बजे से 11 बजे तक होगा तत्पश्चात पंडित नारायण शास्त्री जी (बंजारी वाले) के मुखारविंद से प्रतिदिन दोपहर 2:00 से 6:00 बजे तक व्यासपीठ से प्रवचन होंगे। आयोजकों ने सभी धर्मावलंबी आपश्री से अनुरोध किया है कि सहपरिवार कुटुम्ब मित्रों सहित पधारकर कथा रूपी गंगा में डुबकी लगाकर अपने आप को धन्य बनाये।

## आधुनिक तकनीक युक्त मशीनो से की जा रही मरीजो की जांच

सिवनी यशभारत। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि राज्य शासन जिला चिकित्सालयों में मरीजो को उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, इस हेतु सम्पर्णू प्रदेश में समस्त कायाकल्प अभियान संचालित किया जा रहा है। जिले में भी कलेक्टर डॉ. राहुल हरिदास फटिंग के निर्देशन में जिला चिकित्सालय सिवनी में कायाकल्प अभियान के अंतर्गत आधुनिक तकनीक से युक्त मशीनों से जिला चिकित्सालय में आए हुए मरीजो की निःशुल्क जांच की जा रही है।

सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय सिवनी डॉ. व्ही.के.नावकर ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन म.प्र. के द्वारा साईंस हाउस प्राईवेट लिमिटेड भोपाल के मायम से आधुनिक तकनीक से युक?त मशीने लगाई गई है जिसमें सेंट्रल लैब प्रोसेसिंग के अंतर्गत 102 टाईप की निःशुल्क जांच जिला चिकित्सालय सिवनी में की जा रही है। संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें वेट लीज रिएजेंट आधार पर शासकीय जिला चिकित्सालय में स्थापित सेंट्रल पैथेजॉजी लैब में म.प्र. शासन द्वारा निर्धारित निःशुल्क पैथोलॉजी जांच दिनांक 01/09/2020 से शुरू की गई है। जिसमें मरीजो की पूर्ण जांच फुली ऑटोमेटिक हाईटेक मशीनों से की जा रही है। आधुनिक तकनीक से युक्त मशीनो के माध्यम से फुल बॉडी चेकअप किया जाता है- जिसमें लिवर प्रोफाईल, किडनी प्रोफाईल, हार्ट प्रोफाईल, हार्मोनल प्रोफाईल, एएनसी प्रोफाईल, हाईबेटिक प्रोफाईल, एचबी इलेक्ट्रो प्रोफाईल, विटामिन आदि जांचे निःशुल्क जिला चिकित्सालय सिवनी में की जा रही है।

जिला चिकित्सालय सिवनी में फर्म द्वारा 6 आधुनिक तकनीक से युक्त मशीने स्थापित की गई है जिसमें- फुली ऑटोमेटिक बायोकेमिस्ट्री एनालाईजर, हीमेटोलॉजी एनालाईजर, हार्मोनल एनालाईजर, कागुलेशन एनालाईजर, यूरीस्केन एनालाईजर एवं एचपीएलसी एनालाईजर। इन मशीनों के द्वारा चिकित्सालय में आए मरीजो की निःशुल्क जाचं की जा रही है। मशीनो के स्थापित होने से पहले मरीजो को जाचं कराने के लिए भटकना पड़ता था या 2 से 3 दिन में रिपोर्ट आती थी जो आज जिला चिकित्सालय सिवनी में ही निःशुल्क उपलब्ध हो गई है। इससे उपचार हेतु आए मरीजो की आसानी से जांच एवं जांच उपरांत रिपोर्ट प्राप्त हो रही है। कोरोना काल के दौरान भी इन मशीनो के माध्यम से जिला चिकित्सालय में उपचार हेतु आए मरीजो की कई महत्वपूर्ण जांच की गई। तथा मरीजो को इसका आसानी से लाभ प्राप्त हुआ।

## डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए ऑनलाइन काउंसलिंग की तिथि निर्धारित

सिवनी, यशभारत। शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय सिवनी के प्राचार्य एस.के. आड़े ने बताया कि सत्र 2022-23 में सिविल/मैकेनिकल/ इलेक्ट्रिकल/ कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग डिप्लोमा पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में प्रवेश का सुनहरा अवसर प्राप्त करने हेतु अध्यक्ष काउंसलिंग समिति एवं आयुक्त तकनीकी शिक्षा मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा ऑनलाईन काउंसिलिंग समय सारणी जारी की गई है, जिसके अनुसार ऑनलाइन काउंसलिंग के प्रथम चरण का पंजीयन 5 अगस्त 2022 से 27 अगस्त 2022 तक तथा द्वितीय चरण का पंजीयन 7 सितंबर 2022 से 14 सितंबर 2022 तक रहेगा। इसके पश्चात रिक्त रह गई सीटों पर कॉलेज लेवल काउंसलिंग द्वारा प्रवेश की प्रक्रिया संपन्न की जायेगी।

## रामगोपाल सनोडिया जिला बदर

सिवनी, यशभारत। जिला दंडाधिकारी डॉ. राहुल हरिदास फटिंग द्वारा राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 (ख) के अंतर्गत आदतन अपराधी रामगोपाल सनोडिया निवासी कारीरात थाना लखनवाड़ा को 6 माह की अवधी के लिए जिला बदर करने के आदेश जारी किए हैं। अनावेद्क द्वारा वर्ष 2017 से लेकर 2022 तक कुल 26 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। रामगोपाल सनोडिया को सिवनी सहित समीपवर्ती छिन्दवाड़ा, नरसिंहपुर, जबलपुर, बालाघाट एवं मंडला जिलों की राजस्व सीमाओं से छह माह की कालावधि हेतु निष्कासित किया गया है। जिला बदर का उल्लंघन करने पर अनावेदक के विरूध्द राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 14 के तहत कार्यवाही की जायेगी।

## संक्षिप्त

### प्राकृतिक खेती पर कृषकों को दिया गया प्रशिक्षण

सिवनी, यशभारत । मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर डॉ राहुल हरिदास फटिंग के निर्देशों के परिपालन में प्राकृतिक खेती पध्दति को सुनियोजित ढंग से अपनाने और बढावा देने के लिये जिले के छपारा एवं लखनादौन विकासखंड में प्राकृतिक खेती पोर्टल पर पंजीकृत कृषकों एवं अन्य इच्छुक कृषकों को आज 29 जुलाई को प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें उपपरियोजना संचालक आत्मा नितीन कीर्ति गनवीर द्वारा बताया गया की प्राकृतिक खेती पूर्णत- रासायनिक उर्वरक, कीटनाशक व खपतवार नाशक से मुक्त है। प्राकृतिक खेती में जीवामृत घनजीवामृत, बीजामृत, नीमास्त्र आदि का उपयोग किया जाता है। जीरो बजट प्राकृतिक खेती देसी गाय के गोबर एवं गौमुत्र पर आधारित है। 1 एकड़ क्षेत्र के लिये जीवामृत बनाने हेतु देसी गाय का 10 किलो गोबर, 10 ली. गौमुत्र 1.5 किलो गुड और 1 किलो बेसन, बरगद या पीपल के पेड के निचे की मिट्टी 1 कि.ग्राम एवं 200 लीटर पानी की आवश्यकता होती है। जीवामृत 6 से 8 दिनों में बनकर तैयार हो जाता है, इसे खेत में डालने से जीवाणुओं की संख्या में वृदि६? व प्राकृतिक तरीके से पोषक तत्वों में वृध्दि होती है। उपसंचालक सह परियोजना संचालक आत्मा श्री मोरिस नाथ के मार्गदर्शन में विकासखंड़ों के बलॉक टैकनालाजी मैनेजर एवं कृषिगत अमले द्वारा उक्त प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है।

### वैज्ञानिक परामर्शदात्री समिति की बैठक सम्पन्न

**सिवनी यशभारत।** कृषि विज्ञान केंद्र, सिवनी की वर्ष 2022 की वैज्ञानिक परामर्शदात्री समिति की बैठक केंद्र के दर्पण सभागार में संपन्न हुई बैठक के प्रारम्भ में केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ एन के सिंह द्वारा खरीफ वर्ष 2022 की कार्ययोजना का प्रस्तुतीकरण उपस्थित सदस्यों के समक्ष किया गया इस अवसर पर अधिष्ठाता उद्यानिकी महाविद्यालय डॉ व्ही के पराड़कर जी द्वारा मक्का की कम अवधि की विकसित किस्मे जवाहर मक्का 215, जे एम 218 को मक्का की खेती में लगाने पर जोर दिया। डॉ पराडकर द्वारा अति वर्षा से मक्का फसल को बचाने के लिए मक्का की बुवाई रेज्ड बेड प्लांटर की सहायता से दो कतार में करना अति आवश्यक है जिसमें ज्यादा बारिश की स्थिति में मक्का फसल को बचाया जा सके जिन क्षेत्रों में ज्यादा बारिश से फसलों में नुकसान होता है वहां पर राम तिल, तिल की खेती कर अच्छा मुनाफा प्राप्त किया जा सकता है। डॉ टी आर शर्मा प्राध्यापक उद्यानिकी जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर द्वारा नहर के किनारे वाले क्षेत्रों में जहां मिट्टी में नमी बनी रहती है ऐसे क्षेत्रों में मोल प्लाऊ का उपयोग कर जल निकासी का कार्य करने की आवश्यकता बताई गई नैनो यूरिया डी ए पी उर्वरकों की लागत लाभ परीक्षण एवं काजू फसल क्षेत्र विस्तार पर कार्य करने हेतु सुझाव दिया गया। नाबार्ड के जिला प्रबंधन संतोष महादीप द्वारा कृषक उत्पादक संगठन द्वारा बहुफसलीय प्रसंस्करण इकाई की स्थापना एवं वित्त पोषण, सिकल सेल एनीमिया जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की सलाह दी गई। श्री ओम ठाकुर, माननीय प्रमण्डल सदस्य, ज. ने. कृ. वि. वि. जबलपुर द्वारा भूमि सुपोषण तथा मृदा गुणवत्ता पर कार्य को गति देने की की सलाह दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों के सुझाव कार्ययोजना में शामिल करने एवं अमल में लाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में उद्यानिकी विभाग की सहायक संचालक उद्यान श्रीमती डॉ आशा उपवनशि वासेवार, मत्स्य पालन विभाग के उपसंचालक के एस मरावी एवं कृषि विज्ञान केंद्र से डॉ के के देशमुख, श्री जी के राणा, डॉ के पी एस सैनी, इंजी कुमार सोनी, प्रिया चैकसे, आभा श्रीवास्तव, शुभम झारिया, जयशंकर गौतम, नीत लाहोरी, हिमांशु एवं अभिषेक यादव की उपस्थिति रही।

### बूस्टर डोज टीकाकरण शिविर का आयोजन

सिवनी यशभारत। सिवनी मुख्यालय स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में कोविड-19 बूस्टर डोज के टीकाकरण शिविर का आयोजन हुआ। शुभारंभ प्रधान जिला न्यायाधीश मनोज कुमार श्रीवास्तव ने किया। कोविड-19 बूस्टर डोज टीकाकरण शिविर में कोरोना से होने वाले नुकसान के बारे में बताया। साथ ही सावधानी बरतने की सलाह दी गई। कोविड से बचाव के लिए न्यायालय से समस्त न्यायाधीश, कर्मचारी और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से दीपिका ठाकुर और स्टाफ उपस्थित रहे। जहां जिला अधिवक्ता संघ के सभाकक्ष में कोविड-19 बूस्टर डोज न्यायालय सिवनी से न्यायाधीश, अधिवक्ताओं तथा उनके परिवार के सदस्यों सहित 160 व्यक्तियों का टीकाकरण किया

## आभा राहंगडाले एवं मनोज उइके का निकला विजय जुलूस





बरघाट यशभारत। जनपद पंचायत के अध्यक्ष उपाध्यक्ष का निर्वाचन होने के बाद भारतीय जनता पार्टी समर्थित प्रत्याशी के विजयी होने पर सभी वरिष्ठ जनों एवं कार्यकर्ता बंधुओं की उपस्थिति में विजय जुलूस निकाला गया। गत 27 जुलाई को जनपद पंचायत परिसर में जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चुनाव हुआ, जिसमें भारतीय जनता पार्टी की श्रीमती आभा जितेन्द्र रहाँगडाले अध्यक्ष पद पर एवं मनोज उईके उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए।

जैसे ही दोनों की जीत की जानकारी पार्टी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं को हुई वह परिसर में ही रंग गुलाल से सराबोर हो एक दूसरे को बधाई प्रेषित करने लगे,तत्पश्चात प्रमाण पत्र मिलने के बाद दोनों विजय प्रत्याशियों के साथ पार्टी के वरिष्ठ एवं पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने डीजे की धुन पर थिरकते हुए भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के नारे लगाते हुए नगर भ्रमण करते हुए निकले। सभी ने पार्टी की जीत पर हर्ष व्यक्त करते हुए समस्त सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।



## छात्रो को दिया कैरियर मार्गदशन

सिवनी यशभारत। आज नेताजी सुभाष चंद्र बोस शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी में कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित सेमिनार में गेस्ट मोटिवेशनल स्पीकर के रूप में भाग ले कर विद्यार्थियों का प्रोत्साहन बढ़ाया ताकि आने वाले भविष्य में रुचि अनुसार अपने कैरियर को निखार सके और जीवन यापन करते अपने समाज के प्रति कर्तव्य को पूर्ण करें जिससे कि एक सभ्य समाज की स्थापना हो सके।



### जरूरतमंद को किया रक्तदान

सिवनी यशभारत। हिन्दू सेवा परिषद जिला महासचिव पिंकेष विश्वकर्मा एवं रोहित यादव,लवकुश खताविया हिन्दू सेवा परिषद के सदस्य द्वारा गत दिवस दो जरूरतमंद लोगों को रक्त का दान किया गया। इस मौके पर धनराज मानाठाकुर हिन्दू सेवा परिषद प्रदेश सह सचिव ने कहा कि संगठन के द्वारा निरंतर लोगों की मदद के लिए प्रयास किये जाते हैं।

## नगर पालिका द्वारा ''स्वनिधि से समृद्धि केम्प शिविर'' का आयोजन

सिवनी यशभारत। 28 जुलाई को नगर के मिशन स्कूल सिवनी में स्वनिधि से समृद्धि केम्प शिविर का आयोजन नगर पालिका परिषद सिवनी द्वारा किया गया। जिसमें लगभग 60 से 65 लोगो ने शिविर में पहुचकर पंजीयन करवाया एवं शासन की योजना का लाभ प्राप्त किया। सीएमओ सुश्री पूजा बुनकर के निर्देष पर सिटी मिषन मैनेज प्रवीण तिवारी, भीमराव बंसोड, नपा कर्मचारी अविनाश माहोरे, मयंक पांडे, अमय गार्वे, वैभव बिसेन की उक्त शिविरों में ड्यूटी लगाई गई है। जिनके द्वारा नागरिकों को शिविर का लाभ दिलवाया जा रहा है। शासन से प्राप्त निर्देषानुसार स्वानिधि से समृद्धि के द्वितीय चरण में नगरीय निकाय सिवनी को शामिल कर पीएम स्वानिधि योजना के लाभांवित पात्र पथ विक्रेता एवं उनके परिवार के सदस्यो को भारत सरकार की 8 जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे- प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना, जननी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री वंदना योजना तथा भवन निर्माण श्रमिको का पंजीयन योजना का लाभ पहुँचाया जाना है। निर्देषों के परिपालन में निकाय द्वारा स्वनिधि से समृद्धि पोर्टल में पथ विकेताओ एवं उनके सदस्यो को लाभ दिलाये जाने हेतु दिनांक 27/07/2022 से 03/08/2022 तक स्वनिधि से समृद्धि केम्प आयोजित किया जा रहा है। आगामी शिविर निम्न स्थानों पर आयोजित होंगे दिनांक 30.07.22 को राजस्व शाखा नपा सिवनी, 01.08.22 को पानी की टंकी के सामने संजय वार्ड, 02.08.22 तिलक स्कूल एवं 03.08.22 को फिल्टर प्लांट सिवनी में रहेंगे।

## हर घर तिरंगा अभियान के क्रियान्वय एवं जागरूकता के लिए निकाली गई रैली



सिवनी, यशभारत। शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी की प्राचार्या डॉ. श्रीमती संध्या श्रीवास्तव के कुशल मार्गदर्शन एवं निर्देशन में , महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी एवं एन.सी.सी. अधिकारी डॉ. पवन कुमार वासनिक, डॉ. श्रीमती पूनम अहिरवार एन.एस.एस. अधिकारी एवं डॉ. डी. पी. प्रजापति भूतपूर्व कार्यक्रम अधिकारी के कुशल नेतृत्व में हर घर तिरंगा अभियान के क्रियान्वय एवं जागरूकता के लिए एक रैली का आयोजन महाविद्यालय से भैरोगंज , महाराज बाग , परतापुर रोड एवं मुंगवानी रोड से लगी हुई बस्तियों का भ्रमण महाविद्यालयीन अधिकारी ,कर्मचारी गणों , छात्र-छात्राओं , एन.सी.सी. कैडेट, एन.एस.एस. के स्वयं सेवक रैली में सम्मलित हुये। रैली का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. श्रीमती संध्या श्रीवास्तव के गरिमामय उद्बोधन से किया गया , महाविद्यालय की प्राचार्या ने अपने उद्बोधन में बताया कि इस अभियान का मुख्य उदेश्य देशवासियों को अपने घर पर राष्ट्रीय ध्वज लगाने एवं जनसामान्य में देशभक्ति की भावना जागृत करने के लिए राष्ट्रीय ध्वज के प्रति जागरूकता अत्यंत आवश्यक है रैली के समापन के पश्चात् एक संगोष्टी का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर राष्ट्रीय ध्वज के महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत कियें।






# भारत ने पहले टी20 में वेस्टइंडीज को 68 रन से हराया



**मुंबई ( एजेंसी )।** भारत ने पांच मैचों की टी-20 सीरीज के पहले मुकाबले में वेस्टइंडीज को 68 रन से हरा दिया है। इस जीत के साथ टीम इंडिया ने सीरीज में 1-0 की बढ़त ले ली है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 20 ओवर में छह विकेट गंवाकर 190 रन बनाए। जवाब में वेस्टइंडीज की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 122 रन ही बना सकी। वेस्टइंडीज की ओर से सबसे ज्यादा रन शामराह ब्रूक्स ने बनाए। उन्होंने 20 रन की पारी खेली। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम की सधी हुई शुरुआत रही। भारतीय टीम मैनेजमेंट ने इस मैच में प्रयोग करते हुए रोहित के साथ सूर्यकुमार यादव को ओपनिंग भेजा। सूर्यकुमार 16 गेंदों में तीन चौके और एक छक्के की मदद से 24 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें अकील हुसैन ने जेसन होल्डर के हाथों कैच कराया। इसके बाद श्रेयस अय्यर फ्लॉप रहे। उन्हें ओबेड मैकॉय ने अकील के हाथों कैच कराया। श्रेयस खाता भी नहीं खोल सके। रवींद्र जडेजा 16 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद दिनेश कार्तिक और रविचंद्रन अश्विन ने मिलकर भारत को 190 के स्कोर तक पहुंचाया। 191 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज टीम को तेज शुरुआत तो मिली, लेकिन वे इसे जारी नहीं रख सके। पहले आठ गेंदों पर विंडीज के ओपनर्स ने 22 रन जुटा लिए थे। इसके बाद पारी के दूसरे ओवर की तीसरी गेंद पर अर्शदीप सिंह ने कायल मेयर्स को भुवनेश्वर कुमार के हाथों कैच कराया। मेयर्स छह गेंदों में 15 रन बना सके। इसके बाद रवींद्र जडेजा ने जेसन होल्डर को क्लीन बोल्ड किया। होल्डर खाता भी नहीं खोल सके। इसके बाद भुवनेश्वर कुमार ने अच्छी बल्लेबाजी कर रहे शामराह ब्रूक्स को क्लीन बोल्ड किया। अश्विन ने पूरन को विकेटकीपर पंत के हाथों कैच कराया। पूरन 15 गेंदों में 18 रन बना सके। युजवेंद्र चहल को सीरीज में आराम दिया गया है।

### अश्विन और रवि बिश्नोई

चहल की जगह सीरीज के लिए टीम में शामिल किए गए युवा लेग स्पिनर रवि बिश्नोई ने जलवा बिखेरा।

**मैच की अपनी पहली ही गेंद पर बिश्नोई ने रोवमन पॉवेल को क्लीन बोल्ड किया।**

अश्विन ने मैच में चार ओवर के अपने कोटे में 22 रन देकर दो विकेट झटके। 86 के ही स्कोर पर वेस्टइंडीज को सातवां झटका लगा। रवि बिश्नोई ने ओडियन स्मिथ को विकेटकीपर पंत के हाथों स्टंप आउट कराया। स्मिथ खाता भी नहीं खोल सके।

अकील हुसैन को अर्शदीप सिंह ने शानदार यॉर्कर पर क्लीन बोल्ड किया। वह 11 रन ही बना सके। आखिर में कीमो पॉल 22 गेंदों में 19 रन और अल्जारी जोसेफ पांच रन बनाकर नाबाद रहे। विंडीज टीम 122 रन ही बना सकी। भारत की ओर से अर्शदीप, अश्विन और बिश्नोई के अलावा रवींद्र जडेजा और भुवनेश्वर कुमार ने एक-एक विकेट लिया॥। प्रिंस चार्ल्स ने खेलों के उद्घाटन की घोषणा की।



# हरमनप्रीत की फिफ्टी रेणुका ने बरपाया कहर

**मुंबई ( एजेंसी )।** राष्ट्रमंडल खेलों में शुक्रवार (29 जुलाई) को क्रिकेट को लेकर इतिहास रचा गया। खेलों के 92 साल के इतिहास में पहली बार महिला क्रिकेट टीम ने हिस्सा लिया। इस ऐतिहासिक लम्हें को यादगार बनाने का मौका भारत और ऑस्ट्रेलिया की टीम को दिया गया। दोनों के बीच शानदार मुकाबला खेला। मैच के अंत तक भारतीय टीम हावी थी, लेकिन आखिरी कुछ ओवरों में ऑस्ट्रेलिया ने पासा पलट दिया।भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर राष्ट्रमंडल खेलों में अर्धशतक लगाने वाली पहली महिला खिलाड़ी बनीं। उन्होंने 34 गेंद पर 52 रन बनाए। अपनी पारी के दौरान उन्होंने आठ चौके लगाए। हरमन के बल्ले से एक छक्का भी निकला। ऑस्ट्रेलिया को 155 रन का लक्ष्य देने के बाद टीम इंडिया ने शानदार शुरुआत की थी और रेणुका सिंह ठाकुर ने पहली ही गेंद पर विकेट लिया था। उन्होंने पावरप्ले में अपने तीन ओवर में ऑस्ट्रेलिया की शुरुआती चार बल्लेबाजों को आउट कर दिया था। रेणुका ने चार ओवर में 18 रन देकर चार विकेट लिए। यह टी20 में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। भारत ने इस मैच में 49 रन के अंदर ऑस्ट्रेलिया की आधी टीम को आउट कर दिया था, लेकिन गार्डनर ने अपने दम पर मैच पलट दिया। 110 के स्कोर पर ऑस्ट्रेलिया का सातवां विकेट गिरा तो लगा कि भारत अब मैच खत्म कर लेगा। हालांकि, ऐसा हुआ नहीं। गार्डनर ने अलना किंग के साथ 47 रन की साझेदारी कर 19 ओवर के अंदर ऑस्ट्रेलिया को मैच जिता दिया।पहली बार महिला क्रिकेट खिलाड़ी जब मैदान पर उतरीं तो उनका स्वागत शानदार अंदाज में किया गया। जमकर आतिशबाजी हुई और दर्शकों ने खड़े होकर तालियां बजाईं। दाएं हाथ की तेज गेंदबाज मेघना सिंह को मैच में डेब्यू करने का मौका मिला। उन्होंने डेब्यू मैच में ग्रेस हैरिस का विकेट लेकर अंतिम ओवरों में भारत की वापसी कराई थी। हालांकि, टीम इंडिया को जीत नहीं मिली। मेघना बल्लेबाजी में नाकाम रही। मेगन सट की पहली ही गेंद पर आउट हो गईं।

### ऑस्ट्रेलिया तीन विकेट से जीता

ऑस्ट्रेलियाई टीम ने भारत को तीन विकेट से हराया है। इस मैच में टीम इंडिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 154 रन बनाए थे। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने सात विकेट खोकर 157 रन बनाकर एक ओवर रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। ऑस्ट्रेलिया के लिए गार्डनर ने नाबाद 52 रन बनाए। राष्ट्रमंडल खेलों के इतिहास में पहली बार महिलाएं क्रिकेट खेल रही हैं। इससे पहले 1998 में क्रिकेट को शामिल किया गया था, तब सिर्फ पुरुष टीमों ने हिस्सा लिया था। तब भारतीय टीम अपने ग्रुप में तीसरे स्थान पर रहने के बाद बाहर हो गई थी। ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच फाइनल मैच खेला गया था। अफ्रीकी टीम ने कंगारूओं को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया था। न्यूजीलैंड ने कांस्य पदक के मैच में श्रीलंका को हरा दिया था।

# आज मीराबाई से स्वर्ण की उम्मीद लवलीना और हॉकी टीम पर रहेंगी नजरें







**मुंबई ( एजेंसी )।** कॉमनवेल्थ गेम्स में दूसरे दिन भारत को पदक की उम्मीद है। मीराबाई चानू के अलावा नितेन्द्र सिंह रावत पदक दिला सकते हैं। दूसरे दिन मीराबाई चानू भारत को पदक दिला सकती हैं कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में पहले दिन हॉकी, टेबल टेनिस और तैराकी में कमाल करने के बाद भारतीय खिलाड़ी दूसरे दिन भी कई खेलों में अपना जलवा दिखाएंगे। आज भारत की नजरें वेटलिफ्टर मीराबाई चानू पर रहेंगी, जिन्होंने टोक्यो ओलंपिक में देश को पहला रजत पदक दिलाया था। इस बार उनसे स्वर्ण पदक की उम्मीद होगी। मीराबाई चानू के अलावा नितेन्द्र सिंह रावत, लवलीना बोरगोहेन, महिला हॉकी टीम और टेबल टेनिस टीम पर भी सभी की निगाहें रहेंगे।



एथलेटिक्स: पुरुष मैराथन फाइनल, नितेन्द्र सिंह रावत, दोपहर 1:30 बजे।

पैरा स्विमिंग: पुरुष 100 मीटर बैकस्ट्रोक स9 फाइनल, आशीष कुमार सिंह, रात 12:18 बजे।

स्विमिंग: 100 मीटर बैकस्ट्रोक सेमीफाइनल, श्रीहरि नटराज, रात 1:14 बजे।

200मी फ्रीस्टाइल हीट 3, कुशाग्र रावत, दोपहर 3:00 बजे।

जिमनास्टिक: महिला टीम फाइनल, रात 9:00 बजे।

व्यक्तिगत क्वलीफाइंग राउंड, प्रणति नायक, रुथुजा नटराज, प्रोतिष्ठा सामंत, रात 9:00 बजे।

बैडमिंटन: मिश्रित टीम ग्रुप ए भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया, दोपहर 11:30 बजे।

मिश्रित टीम ग्रुप ए भारत बनाम श्रीलंका, दोपहर 1:30 बजे।

बॉक्सिंग: 54-57 किलोग्राम भारवर्ग, हुसैन मोहम्मद बनाम अमजोलेले, दोपहर 4:30 बजे।

66-70 किलोग्राम भारवर्ग, लवलीना बोरगोहेन बनाम एरियन निकोलसन, रात 11:00 बजे।

86-92 किलोग्राम भारवर्ग, संजीत बनाम एटो लिउ प्लोड्ज्किी, 31 जुलाई रात 1:15 बजे।

साइकलिंग: महिला स्प्रिंट क्वालिफाइंग मयूरी लुटे, त्रयशा पॉल, दोपहर 2:30 बजे।

महिला 3000मी व्यक्तिगत क्वालीफाइंग राउंड, मीनाक्षी, दोपहर 2:30 बजे।

पुरुषों 4000 मीटर व्यक्तिगत क्वालीफाइंग राउंड, विश्वजीत सिंह, दिनेश, दोपहर 2:30 बजे।

पुरुष कीरिन फर्स्ट राउंड एसो अल्बेन, रात 8:30 बजे।

हॉकी: महिला पूल ए भारत बनाम वेल्स, रात 11:30 बजे।

वेटलिफ्टिंग: पुरुष 55 किलोग्राम भारवर्ग, संकेत महादेव सरगरी, दोपहर 1.30 बजे।

पुरुष 61 किलोग्राम भारवर्ग, गुरुराज, दोपहर 1.30 बजे।

महिला 49 किलोग्राम भारवर्ग, सैखोम मीराबाई चानू, रात 08:00 बजे।

महिला 55 किलोग्राम भारवर्ग, बिंद्यारानी देवी सोरोखैबाम, 31 जुलाई रात 12:30 बजे।

टेबल टेनिस: महिला टीम ग्रुप 2 भारत बनाम गुयाना, दोपहर 2:00 बजे।

पुरुष टीम ग्रुप इंडिया बनाम उत्तरी आयरलैंड, दोपहर 2:00 बजे।

क्वार्टरफाइनल में पहुंचने पर टेबल टेनिस टीम के मैच रात 8:30 बजे से होंगे।

स्क्वॉश: पुरुष एकल, रैमित टंडन बनाम क्रिस्टोफर बिन्नी (जमैका), शाम 4:30 बजे।

महिला एकल, जोशना चिनप्पा बनाम मेगन (बारबाडोस), शाम 4:30 बजे।

महिला एकल, सुनयना सारा कुरुविल्ला बनाम आइफा अजमान (मलेशिया), शाम 4:30 बजे।

पुरुष एकल, सौरव घोषाल बनाम शमिल वकील (श्रीलंका), शाम 4:30 बजे।

लॉन और बोल्स: पुरुष टीम (तीन खिलाड़ी), भारत बनाम माल्टा, दोपहर 1:00 बजे।

महिला एकल, तानिया चौधरी बनाम लौरा डेनियल (वेल्स), दोपहर 1:00 बजे।

पुरुष युगल, भारत बनाम कुक आइलैंड, शाम 7:30 बजे।

महिला टीम (चार खिलाड़ी), भारत बनाम कनाडा, शाम 7:30 बजे।



# नौवीं कक्षा में पढ़ने वाली अनाहत ने जीता पहला मैच

### 14 साल की उम्र में देश के लिए मेडल जीतने को तैयार

**मुंबई ( एजेंसी )।** कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में भारत की ओर से कई बड़े खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। इनमें पीवी सिंधु, बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और मीराबाई चानू जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। लोगों की नजर इन एथलीट्स पर तो बनी ही हुई है, लेकिन राष्ट्रमंडल खेलों के पहले दिन एक 14 साल की एथलीट ने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। यह 14 साल की एथलीट कोई और नहीं बल्कि भारत की युवा स्क्वैश खिलाड़ी अनाहत सिंह हैं। अनाहत राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय टीम से खेलने वाली सबसे युवा खिलाड़ी हैं। शुक्रवार को महिला सिंगल्स के राउंड ऑफ 64 मैच में अनाहत ने अपनी उम्र से कई साल बड़ी सेंट विंसेंट और ग्रेनेडाइंस के जेडा रॉस को लगातार तीन गेमों में हरा दिया। अनाहत ने पहला गेम 11-5 से जीता। इसके बाद दूसरे गेम में अनाहत एक बार फिर सीनियर जैडा रॉस के लिए परेशानी खड़ी कर दी। दूसरा गेम अनाहत और भी आसानी से 11-2 से अपने नाम किया और 2-0 की बढ़त बना ली।

# बर्मिंघम में भारतीय महिला हॉकी टीम ने बरसाए गोल



# घाना को पहले मैच में 5-0 से रौंदा



**मुंबई ( एजेंसी )।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने राष्ट्रमंडल खेलों में शानदार शुरुआत की है। उसने घाना को अपने पहले मैच में 5-0 से रौंद दिया। टीम इंडिया के लिए गुरजीत कौर ने सबसे ज्यादा दो गोल किए। नेहा गोयल, संगीता कुमारी और सलिमा टेटे ने भी स्कोर किया। अब भारतीय महिला टीम शनिवार (30 जुलाई) को वेल्स के खिलाफ अपने दूसरे ग्रुप मैच में उतरेगी। गुरजीत कौर ने भारत को पहले क्वार्टर में बढ़त दिलाई। उन्होंने पेनल्टी कॉर्नर पर शानदार गोल किया। पहले क्वार्टर में टीम इंडिया सिर्फ एक ही गोल पर पाई। उसने लगातार कई हमले किए, लेकिन घाना की टीम मजबूती से गोलपोस्ट के सामने डटी रही। उसने भारत को एक से ज्यादा गोल दागने से रोके रखा। भारत को दूसरा गोल दूसरे क्वार्टर में मिला।

### नेहा ने किया दूसरा गोल

दूसरे क्वार्टर में घाना ने पलटवार करने की कोशिश की। उसने कई हमले किए। भारतीय कप्तान और गोलकीपर सविता पूनिया ने लगातार तीन गोल बचाए। इसी बीच, टीम इंडिया को एक मौका मिला और सफलता मिल गई। भारत ने शानदार काउंटर अटैक किया। गोलपोस्ट के करीब खड़ी नेहा गोयल ने गेंद को गोलपोस्ट की तरफ मारा। गेंद घाना की खिलाड़ी की हॉकी स्टिक से लगकर गोलपोस्ट के अंदर चली गई। भारत को दूसरा गोल मिला और यह नेहा के नाम दर्ज हुआ।

### तीसरे क्वार्टर में दो और चौथे में भारत ने किया एक गोल

भारत की संगीता कुमारी ने टीम के लिए तीसरा गोल किया। उन्होंने घाना की गोलकीपर को चकमा देते हुए गेंद को गोलपोस्ट में डाल दिया। संगीता के बाद गुरजीत ने भी गोल कर दिया। यह मैच में उनका दूसरा गोल है। भारत के लिए पांचवां गोल सलिमा टेटे ने किया।

### भारतीय टीम में सुधार की जरूरत

टीम इंडिया को अभी भी कई क्षेत्रों में काम करना है। गोलकीपर सविता पूनिया अगर मजबूती से खड़ी नहीं होती तो घाना की टीम भी चार से ज्यादा गोल कर सकती थी। वहीं, पेनल्टी कॉर्नर में भारतीय खिलाड़ी कमजोर दिखीं। 11 पेनल्टी कॉर्नर में टीम सिर्फ एक ही गोल कर पाई। इस पर भारतीय टीम प्रबंधन को आगे काम करना होगा।

## एमयू का पहला दीक्षांत समारोह

# कुलाधिपति ने कहा, चिकित्सा व्यवसाय नहीं, यह मानव सेवा के लिए बनी है






**जबलपुर, यशभारत। मप्र आयुर्विज्ञान विश्व विद्यालय का पहला दीक्षांत समारोह मानस भवन में कुलाधिपति राज्यपपाल मंगू भाई पटेल के मुख्यातिथ्य व चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग, मुख्य सचिव चिकित्सा शिक्षा विभाग मोहम्मद सुलेमान, कुलपति और कुलसचिव की उपस्थिति में आयोजित हुआ। इस दीक्षांत समारोह में 75 छात्र-छात्राओं ने महामहिम राज्यपाल मंगू भाई पटेल के हाथों से डॉक्टर की उपाधि प्राप्त की। पहली बार इनके गले में गोल्ड मैडल लटके तो सभी की आंखों में खुशी के आंसू झलक आए। इस मौके पर कुलाधिपति मंगू भाई पटेल ने कहा कि चिकित्सा को व्यवसाय का माध्यम नहीं, मानवता सेवा के लिए बनाना चाहिए।**

### मां-बाप को मत भूलना, मातृभूमि सम्मान बनाकर रखना : राज्यपाल

कुलाधिपति मंगू भाई पटेल ने कहा कि आज के दीक्षांत समारोह में बेटों से ज्यादा बेटियों ने डिग्रियां प्राप्त की हैं,लगता है अब बेटी बचाओ अभियान के बाद बेटा बचाओ अभियान पूरा करना होगा। उन्होंने कहा कि चिकित्सा का क्षेत्र का व्यवसाय का नहीं, मानवता के लिए है। दुर्भाग्य है कि कोविड के समय ऐसे मामले भी सामने आए जहां पर मानवता शर्मसार हुई। राज्यपाल ने कहा कि ,बहुत से ऐसे डॉक्टर-अधिकारी है जिन्होंने कोविड के समय मानवता की मिशाल पेश की है। महामारी के दौरान में रिक्शा चालकों से लेकर एंबुलेंस संचालकों तक ने लूट की है। राज्यपाल ने छात्रों से कहा कि सभी ध्यान रखें कि जो प्रतिज्ञा आज ली वह एक दिन की नहीं 365 दिन की है। आपके पास कोई भी आए उनकी सेवा भाव पहला लक्ष्य रखना। सबसे कमजोर व्यक्ति तक चिकित्सा पहुंचे ,यह सबकी जिम्मेदारी है। आदिवासी क्षेत्रों में जाकर चिकित्सा पहुंचानी होगी। यह प्रयास करना होगा कि आदिवासी समुदाय के व्यक्तियों को इसका ज्यादा से ज्यादा लाभ मिले। कुलाधिपति ने छात्रों से कहा कि इंडियन कल्चर को अपनाना होगा, पिज्जा छोड़कर भारत के फूड खाएं। राज्यपाल ने छात्रों से अपील करते हुए कहा कि अपने मां-बाप को मत भूलना, मातृभूमि का सम्मान रखना है। सारी कठिनाईयों से लड़कर मां-बाप ने आपको यहां तक पहुंचाया है। उनका ख्याल रखना।

### मध्यप्रदेश में मेडिकल की पढ़ाई हिंदी में होगी- चिकित्सा शिक्षा मंत्री

चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्ववास सारंग ने कहा कि जबलपुर आयुर्विज्ञान विवि में आकर बहुत प्रसन्नता हुई, क्योंकि विवि का यह पहला कार्यक्रम हुआ है वह भी हिंदी में हुआ। उन्होंने कहा कि, मानव के रूप में जन्म लिया है तो हमें परोपकार करना चाहिए। किसी भी फील्ड में रहें सभी आदेशों का पालन हमें भगवान का आदेश समझ कर करना होता है। डॉक्टर ही नहीं बन रहे हैं आप लोग सभी पीड़ित मानवता की सेवा करने का संकल्प ले रहे हो। अपने लिए नहीं ये डिग्री आप पीड़ित मानवता की सेवा के लिए ले रहे हो। चिकित्सा शिक्षा मंत्री ने कहा कि एक माह के अंदर मध्यप्रदेश में एमबीबीएस की पढ़ाई हिन्दी में शुरू होगी। देश का पहला राज्य मध्यप्रदेश होगा जहां पर मेडिकल की पढ़ाई हिंदी में होगी।

### इन्हें मिला स्वर्ण पदक

प्रगति मेमगेन, निधि श्रीवास्त, अपराजिता उपाध्याय, रिचा पाठक, सहजल गोधा,डॉक्टर मनीष वर्मा,आवद निखिल भारत, सभा जावेद खान्, इरफान जुरानी, इंद्राज अरोड़ा, सुरभि गर्ग, रूचि गुलाटी, रश्मि साहूकुमारी सपना, डॉक्टर बुसरा हुसैन, तृप्ति,पूजा बी नायर, तृप्ति शुक्ला, प्रज्ञा अंजना, नेहा , तोमर आयुषी राठौर, यदला पल्ली, धवल बख्शी,अंकिता ऐश्वर्या,राजीव जी, प्रंजाति ढेमोले, मनीष बघेल, गीत चढ़ा, साक्षी कुमारी,प्रिया कुमारी, नंदना हंसबाल, वंशिका वशिष्ठ, साक्षी मलिक, श्रेय मिगलानी, अनिल कुमार प्रजापति , श्वेता यादव, दीपक चंदोरिया,वर्चिस्वी मुदगल, विजय कुमार गुप्ता, सुरभि गोदो, पायल चौधरी,राम प्रताप चौहान,यूरिक आसिफ, ताजिम खान,हिमांशी राय, सुति गर्ग, अनिमिका इब्राहिम, कीर्ति वाला तावड़े, आरती जैन, विपुल वर्मा, सरिता साहू, लोकेंद्र सिंह राणा, रीतिका भाटिया, आदित्य श्रीवास, सुरेंद्र कुमार, आदिति वाडिया, मनोज गुर्जर, शालिनी सराठे, रागिनी तिवारी, प्रदीप कुमार रेडडी, कार्तिका देवी, राशि हिंदकर, सिलौच सिंह, समीक्षा वंशोड़, समरूद्ध बेगम टी, सौभाग्य खरे, शिवानी, अंजली सिंह,नेहा, प्रीति, शालिनी गुप्ता, खुशबू को स्वर्ण पदक दिया गया।

**जोड़ में दिखाई दमदारी, गुणा भाग में कमजोर निकली**

# भाजपा की तिकड़ी ने कर दिया 2 वोट का कमाल

-अजय पांडेय-

**जिला पंचायत इनसाइड स्टोरी**

**जबलपुर यश भारत ।** नगर पंचायत अध्यक्ष चुनावों में भारतीय जनता पार्टी ने आंकड़ों में हारी हुई बाजी परिणाम आने के बाद जीत में बदल दी। इस जीत के कुछ अलग मायने हैं, तो कांग्रेस जीती हुई विसात कैसे हार गई इसको लेकर भी विश्लेषण हो रहा है। लेकिन वास्तविकता के धरातल पर भाजपा के एक पूर्व मंत्री जो वर्तमान में विधायक हैं एक विधायक और एक पूर्व महापौर की तिकड़ी ने मिलकर पूरा खेल बदल दिया। जानकारी के अनुसार भाजपा की इस जीत में पार्टी के फ्लोर मैनेजमेंट के साथ-साथ कांग्रेस के एक सक्रिय नेता की दगाबाजी शामिल है। जिसके चलते भाजपा कमजोर होने के बाद भी अपना अध्यक्ष बनाने में कामयाब रही। जब कांग्रेस सदस्यों ने मतदान के लिए जिला पंचायत भवन में प्रवेश किया तो उसके पास 9 वोट थे और भाजपा की संख्या 8 तक सीमित थी। लेकिन परिणाम जब सामने आए तो भाजपा 8 पर टिकी रही वहीं कांग्रेस 9 से घटकर 7 पर चली आई। जिसमें 2 वोट कांग्रेस के खाते से रिजेक्ट हो गए। अब इस रिजेक्शन की भी पूरी पटकथा है जिसके अनुसार कांग्रेस के बागियों ने भाजपा के पक्ष में मतदान करने से मना कर दिया था जिसके बाद यह रास्ता निकाला गया। जिस से सांप भी मर गया और लाठी भी नहीं टूटी।

जानकारी के मुताबिक भाजपा के एक वरिष्ठ नेता द्वारा कांग्रेस के दूसरे नेताओं से संपर्क स्थापित किया गया जो इस पूरी प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभा रहा था। जिसके माध्यम से दो सदस्यों के साथ एक डील हुई और डील की कीमत भी बहुत बड़ी थी। जिसके बाद समीकरण भाजपा के पक्ष में बन गए। इस बात की सुगबुगाहट कांग्रेस खेमे में पहले से थी कि भाजपा कुछ इस तरह की तोड़फोड़ कर सकती है लेकिन अति उत्साह और श्रेय लेने की होड़ में इन कयासों को नजरअंदाज कर दिया गया। भाजपा हारी हुई बाजी जीत कर निकल गई ।लेकिन उपाध्यक्ष को लेकर स्थिति स्पष्ट थी कि यहां भी परिणाम भाजपा के पक्ष में होंगे परन्तु नतीजे पूरी तरह से इस के उलट रहे। यहां भाजपा अपने संख्या बल पर ही सीमित रही और कांग्रेस ने अपने आंकड़ों को वोट में परिवर्तित कर अपना उपाध्यक्ष बना लिया। ऐसे में सवाल उठना लाजमी है कि यह पूरा समीकरण पार्टी का स्तर पर नही था। सेटलमेंट व्यक्तिगत स्तर पर किया गया था ।जिससे अध्यक्ष और उपाध्यक्ष में अलग-अलग परिणाम सामने आए हैं।

# प्यार-दोस्ती और दुष्कर्म, छात्रा संग शोहदा 1 साल से कर रहा था ज्यादती

**जबलपुर, यशभारत।** जबलपुर में प्यार-दोस्ती और दुष्कर्म का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जिसमें कॉलेज में पढ़ने वाली छात्रा को प्यार के झांसे में लेकर शोहदा करीब एक वर्ष तक उसका दैहिक शोषण करता रहा और अब मन भर जाने के बाद दूसरी युवती से प्रेम प्रसंग कर बैठा। जिसके बाद रोते हुए महिला थाना पहुंची पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने ने एफआईआर दर्ज कर, आरोपी को सरगर्मी से तलाश करने में जुटी है। पुलिस ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि 20 वर्षीय पीड़िता ने थाने पहुंचकर बताया कि वह मूलत : कटंगी की निवासी है और यहां ओमती क्षेत्र में रहकर पढ़ाई कर रही थी।

### एफबी पर परवान चढ़ा प्यार

जानकारी अनुसार पीड़िता की दोस्ती सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक पर करीब एक वर्ष पहले हुई। जिसके बाद शोहदे ने बड़ी ही चालाकी से छात्रा का मोबाइल नंबर लिया और फिर रात-रात पर बातें होती रहीं।

### मिलने की करने लगा जिद

फोन पर बातें होने के बाद शोहदा अक्सर पीड़िता को मिलने के लिए बुलाने लगा। लेकिन पीड़िता ने मिलने से मना कर दिया। जिसके बाद ओमती क्षेत्र में ही शोहदा जबरन मिलने आया और बलपूर्वक ज्यादती की। जब पीड़िता ने विरोध किया तो शादी करने का आश्वासन दिया।

### किसी और से कर लो विवाह

ज्यादती करने के बाद शोहदा अक्सर ज्यादती करता। लेकिन जब पीड़िता ने शादी करने की बात की तो आरोपी साफ मुकर गया और कहीं और विवाह कर लेने की बात कही। इतना ही नहीं शोहदे का अन्य किसी युवती के साथ चक्कर भी चल रहा है। जिसके बाद पीड़िता ने थाने पहुंचकर शिकायत की। पुलिस ने मामला दर्ज कर, आरोपी की तलाश में जगह-जगह दबिश दे रही है।




स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन (0761) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)